50 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 09 °c | अधिकतम 25 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 94127-10840, 9368549219 | संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:49, सूर्यास्त : 5:21 | वर्ष : 50/ अंक : 322 | बुधवार, 23 नवम्बर 2022 | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, अमावस, सम्वत् 2079 | मूल्य 3 रु. | पृष्ठ-4

आज की अमृतवाणी

स्वार्थ से रिश्ते बनाने की कितनी भी कोशिश करो, रिश्ते बनेंगे नहीं...और प्यार से बने रिश्ते तोड़ने की कितनी भी कोशिश करो रिश्ते टूटेंगे नहीं।

यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

अखिलेश और शिवपाल बोले, पूरे करने हैं नेताजी के सपने : सैफई

एक सपना तो आप दोनों के साथ-साथ आने ही से पूरा हो गया.....

साप्ताहिक बंदी में कटे चालान, अगले हफ्ते बंद रखना दुकान

मुजफ्फरनगर, 22 नवम्बर (बु.)। श्रम विभाग व पुलिस टीम संयुक्त रूप से मंगलवार को शहर के बाजारों में चालान काटने के लिए उतरी, तो शहर के बाजारों में हड़कम्प मच गया और धड़ाधड़ दुकानों के शटर बंद हो गये। हालांकि श्रम विभाग की टीम ने चालान काटने से अधिक दुकानदारों को सीधे तरीके से समझाया कि अबकी बार हमारे नहीं, ऊपर के आदेश हैं कि साप्ताहिक बंदी के दिन पूरे जनपद में बाजार बंद कराये जायेंगे। ऐसा ना करने पर दुकानदार के विरुद्ध सख्त कार्यवाही के आदेश किये जायेंगे। श्रम विभाग का कहना था कि सरकार चालान ना काटने के लिए हमें दोषी करार दे रही है और कह रही है कि ऐसे विभाग का क्या करना है, जिसका कोई उपयोग ही नहीं है। इसलिए हमारा श्रम विभाग खतरे में ना पड़े, इसलिए विभाग को कोई ना कोई सख्त कदम उठाने की मजबूरी है। कुल मिलाकर इस बार चेतावनी के बाद अगले मंगलवार जमकर चालान काटे जायेंगे। सम्भवतः किसी नेता और व्यापार मंडल के पदाधिकारियों की भी कोई सुनवाई ना हो। ऐसे में दुकानदारों को अपने आप ही अपनी दुकानों का ध्यान रखना होगा। अगर वे चाहते हैं कि चालान ना हो, तो स्वयं ही अपनी दुकानें बंद रखें।

कुछ दु:खी आत्माओं को छोड़कर अधिकांश दुकानदार साप्ताहिक बंदी से खुश

मुजफ्फरनगर। पूरे जिले में साप्ताहिक बंदी कहीं की भी हो, लगभग सभी दुकानदार इस बात पर खुश नजर आते हैं कि पूरा बाजार बंद कराया जा रहा है। कुछ दु:खी आत्माओं की बात ना करें, तो अधिकांश दुकानदार यही कहते हैं कि सप्ताह में एक छुट्टी वास्तव में मिलनी ही चाहिए, क्योंकि मंगलवार के दिन दुकानदारों को खरीदारी के लिए दिल्ली, लुधियाना, अमृतसर, मुम्बई आदि स्थानों पर तो जाना ही पड़ता है, साथ ही साथ एक सप्ताह में जो घरेलू कार्य रूक जाते हैं, वह साप्ताहिक बंदी के दिन ही निपटाने पड़ते हैं, मगर साप्ताहिक बंदी में जब पड़ौसी दुकानदार दुकान खोलकर बैठ जाता है, तो उसकी देखा-देखी में पूरा बाजार खुलता दिखाई पड़ता है। और यह भी सच्चाई है कि प्रशासन भी 4 दिन सख्ती करने के बाद प्रत्येक काम में ठण्डा होकर बैठ जाता है। यदि प्रशासन लगातार सख्ती करें, तो 95 फीसदी दुकानदार साप्ताहिक बंदी से पूरी तरह खुश हैं। पिछले दो मंगलवार से जरूर श्रम विभाग दुकानदारों पर सख्ती दिखा रहा है। यह सख्ती वह अब कितने दिन दिखायेगा, यह तो दुकानदारों को नहीं पता, मगर सच्चाई यही है कि यदि पूरे बाजार सख्ती से बंद हो, तो सभी दुकानदार तसल्ली से अपने घरेलू व व्यवसायिक काम छुट्टी करके मंगलवार के दिन आसानी से निपटा सकते हैं।

पांच दिसंबर को मतदान के चलते जिले में रहेगा सार्वजनिक अवकाश

मुजफ्फरनगर, 22 नवंबर (बु.)। खतौली विधानसभा सीट के लिए होने वाले मतदान को देखते हुए पांच दिसंबर को मतदान की तिथि के दिन अवकाश रहेगा। उत्तर प्रदेश शासन के विशेष सचिव जुहैर बिन सगीर ने इस आशय के आदेश जारी किए हैं। इसमें कहा गया है कि विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत मैनपुरी व इटावा, रामपुर और मुजफ्फरनगर जनपदों में पांच दिसंबर को मतदान के दिन अवकाश घोषित किया गया है। अवकाश के चलते इस दिन सभी सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय, कारखाने बैंक, बाजार तथा स्कूल कॉलेज बंद रहेंगे।



श्रीराम शोभायात्रा बवाल में भाजपा जिला मंत्री सुनील दर्शन गए जेल

- कोर्ट ने गैर जमानती वारंट के बाद पेश हुए भाजपा नेता को भेजा जेल, दो दिन बाद होगी सुनवाई
- बकरा मार्किट पर २० साल पहले शोभायात्रा के दौरान हुए बवाल में आरोपी थे सुनील दर्शन

मुजफ्फरनगर, 22 नवम्बर (बु.)। शहर के बकरा मार्किट पर 20 साल पहले श्रीराम शोभायात्रा निकालने के दौरान हुए बवाल के मामले में आरोपी भाजपा जिला मंत्री सुनील दर्शन को कोर्ट ने मंगलवार को जेल भेज दिया। गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद भाजपा नेता आज कोर्ट में पेश हुए थे। इस मामले की सुनवाई के लिए दो दिन के बाद की तिथि मुकर्रर की गई है। साल 2002 में शहर के बकरा मार्किट में श्रीराम शोभायात्रा निकालने के दौरान बवाल हो गया था। इस मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के लोगों के खिलाफ धारा 147, 148, 149, 307, 341, 427 और 353 के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को जेल भेजा था। इस मामले की सुनवाई सीजेएम न्यायालय में विचाराधीन है। इस मामले में आरोपी भाजपा के जिला मंत्री सुनील दर्शन के कोर्ट में पेश न होने पर गैर जमानती वारंट जारी हुए थे। मंगलवार को सुनील दर्शन अपने साथियों के साथ कोर्ट में पेश हुए। न्यायाधीश ने तारीखों पर पेश न होने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए भाजपा जिला मंत्री सुनील दर्शन को जेल भेजने के आदेश दिए। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि इस मामले में अब दो दिन बाद सुनवाई होगी। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने भाजपा नेता को अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया। कोर्ट के फैसले के बाद मीडिया कर्मियों से बातचीत में भाजपा नेता सुनील दर्शन ने कहा कि समाज के लिए यदि सौ बार भी जेल जाना पड़ा तो वह जाने के लिए तैयार हैं।

भाजपा जिला मंत्री को जेल भेजने से पार्टी नेताओं में हड़कम्प मच गया। चुनाव प्रचार में लगे भाजपा सरकार के मंत्रियों को इसकी जानकारी दी गई। कई नेताओं ने अधिवक्ताओं से बात कर कानूनी राय ली। भाजपा नेता की पेशी के दौरान सभासद अमित बॉबी, भाजपा नेता कुलदीप गोयल, हनुमत मंडल अध्यक्ष रोहित तायल, उपाध्यक्ष रोहित जैन, महामंत्री संजय मित्तल और प्रशांत चौधरी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कवाल कांड के मामले में भी भाजपा नेता सुनील दर्शन जेल गए थे। कोर्ट की सख्ती के चलते भाजपा नेताओं को इन दिनों खासी फजीहत -ेलनी पड़ रही है। कवाल मामले में सजा होने के कारण भाजपा विधायक विक्रम सैनी को अपनी विधानसभा सदस्यता गंवानी पड़ी, जबकि एक अन्य मामले में कोर्ट में पेश न होने पर भाजपा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला और पूर्व विधायक उमेश मलिक समेत चार नेताओं के गैर जमानती वारंट भी जारी हुए थे।

महिला की हत्या कर शव को कुंए में फेंका

मुजफ्फरनगर, 22 नवम्बर (बु.)। मोबाइल चोरी करने के आरोपी दुकानदार ने महिला के आरोपों से तंग आकर मोबाइल देने के बहाने बुलाने के बाद उसकी हत्या कर शव को कुंए में फेंक दिया। मृतका के पुत्र की तहरीर पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर महिला का शव बरामद कर लिया और पंचनामा भरकर परीक्षण के लिए भेज दिया है। पुलिस ने महिला के पुत्र की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि नई मंडी थाना क्षेत्र के कमलनगर निवासी उर्मिला देवी पत्नी सीताराम अपने परिवार के साथ गंगा स्नान करने के लिए शुक्रताल गयी थी, जहां सिखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव बहादरपुर निवासी बहादुर ने अपनी दुकान लगायी हुई थी। महिला ने कुछ सामान खरीदते हुए अपने पुत्र का मोबाइल फोन कथित तौर पर बहादुर की दुकान पर छोड़ दिया था, जिसके बाद महिला बहादुर पर मोबाइल चोरी करने का आरोप लगा रही थी, जिससे खिन्न होकर बहादुर ने गत् दिवस महिला के पुत्र को फोन कर फोन देने के बहाने महिला को बहादरपुर बुलाया और उसकी हत्या कर शव को कुएं में फेंक दिया। महिला के वापस न लौटने पर परेशान परिजनों ने उसकी तलाश की काफी तलाश के बाद भी उसका सुराग नहीं लगा, तो बहादुर से पूछताछ की गयी, लेकिन उसने महिला के संबंध में जानकारी होने से इंकार कर दिया। तब मामले की शिकायत पुलिस से की गयी। महिला के पुत्र की शिकायत पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने बहादुर को हिरासत में ले लिया और उसकी निशानदेही पर कुएं से महिला का शव बरामद कर लिया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को परीक्षण के लिए भेज दिया और मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

मोदी और योगी ही हैं बड़े बाहुबली : विक्रम सैनी

- बोले जो विरोधी हैं वो तो विरोध करेंगे ही, इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा
- पैसा बांटने वालों के पीछे लगे हुए हैं हमारे जासूस, बांटा तो पकड़ लेंगे

मुजफ्फरनगर, 22 नवंबर (बु.)। नतीजों में मतदाता किसको बाहुबली बनाएगा यह तो वक्त बताएगा, लेकिन इतना तय हो गया है कि खतौली विधानसभा का चुनाव प्रचार बाहुबली शब्द के इर्दगिर्द ही घूमने वाला है। शायद अभी तक कोई दिन गया हो जब यह शब्द किसी की जुबान पर ना आया हो। इस कड़ी में आज सदस्यता निलंबन का दंड झेल चुके भाजपा के जुबान बली पूर्व विधायक ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को ही असली बाहुबली बता दिया।

ऐसा लग रहा है कि खतौली विधानसभा उपचुनाव का प्रचार अभियान बाहुबली शब्द के इर्दगिर्द घूम रहा है। इसी कड़ी में आज भाजपा प्रत्याशी राजकुमारी सैनी के पति पूर्व विधायक विक्रम सैनी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सबस बड़ा बाहुबली बताया। विक्रम सैनी को 2013 के दंगे के एक मामले में हेट स्पीच पर कोर्ट द्वारा सजा सुनाए जाने के बाद उनकी विधानसभा की सदस्यता समाप्त हो गई थी। उनके स्थान पर खतौली में उपचुनाव उनकी पत्नी राजकुमारी सैनी भाजपा टिकट पर चुनाव मैदान में है। उनका मुकाबला राष्ट्रीय लोक दल समाजवादी पार्टी और आजाद समाज पार्टी के गठबंधन से पूर्व विधायक मदन भैया से है। मदन भैया की एंट्री के साथ ही मीडिया में बाहुबली शब्द एंट्री हुई थी। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी के लोग भी मदन भैया को बाहुबली बता रहे हैं। मंगलवार को खतौली में हुए एक कार्यक्रम में मीडिया से बात करते हुए पूर्व विधायक विक्रम सैनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ही बाहुबली बताया। उन्होंने कहा कि वह देश की सेवा कर रहे हैं असली बाहुबली मोदी और योगी है, जिनसे दूसरे देश भी डर रहे हैं। क्षेत्र के गांव गंगधाड़ी में विरोध को लेकर उन्होंने कहा कि एक उम्मीदवार खडा है, वे उसके समर्थक थे। वे पहले भी करते थे अब भी कर रहे हैं। ऐसे लोग तो विरोध करते ही हैं। जनता हमारे साथ है। अब कोई किसी के धमकाने में आने वाला नहीं है। उन्होंने कहा बाहरी उम्मीदवार को जनता पसंद नहीं कर सकती है। उन्होंने कहा कि खतौली की जनता से बड़ा कोई बाहुबली नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछली बार भी मेरे सामने पैसे वाला था। हमारे जासूस लगे हुए हैं, कोई पैसा बांटेगा तो पता चल जाएगा। हमारे पास तो पैसा नहीं है, हमें तो कार्यकर्ता चुनाव लड़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट का फैसला आ जाए तो इस पर वकीलों की राय लेकर सुप्रीम कोर्ट जाएंगे।

लंदन से आया फोन, तू ना मेरी, तो मैं तेरा कौन, कहकर दिया तलाक

- जामियानगर की फरहाना को लंदन में रहने वाले शौहर ने फोन पर दिया तीन तलाक
- पीड़िता ने शहर कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी शौहर के खिलाफ उठाई कार्यवाही की मांग

मुजफ्फरनगर, 22 नवम्बर (बु.)। जामियानगर की फरहाना भी तीन तलाक का शिकार हो गई है। लंदन में रहने वाले शौहर ने फोन पर यह तीन शब्द बोलकर उसकी जिंदगी में जहर घोल दिया, हालांकि पीड़िता छह साल से पहले ही शौहर की दगाबाजी का दंश -ेल रही थी। पीड़िता ने इस मामले में शहर कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। शहर के जामियानगर निवासी फरहाना का निकाह अम्बा विहार निवासी परवेज गुलमर्ग के साथ 2014 में हुआ था। एक साल बाद परवेज अपनी दुल्हन को साथ में इंग्लैंड ले गया था। लंदन में कुछ समय साथ रहने के बाद उनकी गृहस्थी में खटपट हो गई। शौहर द्वारा किए जा रहे उत्पीड़न की शिकायत भी फरहाना ने लंदन में दर्ज कराई थी। इसके बाद शौहर विश्वास में लेकर उसे भारत ले आया। 2016 में परवेज बीवी को यहीं छोड़कर अपनी बेटी जाइना को बिना बताये अपने साथ लंदन ले गया। उसके बाद से परवेज ने मुड़कर नहीं देखा। अलबत्ता फोन पर जरूर उसका मानसिक उत्पीड़न करता रहा। तब से ही उसकी बेटी परवेज के कब्जे में है। 20 नवम्बर को फरहाना के भाई ने परवेज गुलमर्ग को कॉल की। आरोप है कि फोन पर बात करते हुए परवेज ने फरहाना को तुम्हारी शक्ल न देखने की नसीहत देखते हुए तीन बार तलाक बोल दिया। साथ ही धमकी दी कि यदि अब उससे सम्पर्क करने की कोशिश तो उसका बुरा हश्र होगा। शौहर के इस कदम से फरहाना को गहरा -टका लगा है। पुलिस को दी तहरीर में फरहाना ने अपने शौहर के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।



ट्रॉले में घुसी कार, एक मौत, तीन घायल

मुजफ्फरनगर, 22 नवंबर (बु.)। अलसुबह पानीपत खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुए हादसे में एक कार सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर घायल हो गए। कार सवार हरिद्वार से लोनी जा रहे थे। हादसा गंग नहर पटरी के समीप उस समय हुआ जब बलेनो कार भुस से भरे एक ट्राले में जा घुसी। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना सिखेड़ा क्षेत्र के गंग नहर पटरी मार्ग पर काटका पुल के समीप मंगलवार सुबह होने से पहले बड़ा हादसा हुआ। जनपद गाजियाबाद के लोनी निवासी रौनक पुत्र आजाद बलेनो कार में सवार होकर साथियों के साथ हरिद्वार से लौट रहे थे। पुलिस के अनुसार सुबह होने से पहले करीब 4:00 बजे जब कार गंग नहर के समीप काटका पुल पर पहुंची, तो सड़क किनारे खड़े भुस से भरे ट्राले में जा घुसी। कार के ट्राले में घुसने से रौनक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार में सवार बाकी 3 यात्री गंभीर घायल हुए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को कार से बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने बताया कि कार सवार हरिद्वार से गाजियाबाद जा रहे थे।

कूड़ा डालने के विवाद में चलाई गोली

मुजफ्फरनगर, 22 नवम्बर (बु.)। सिविल लाइन थाना क्षेत्र की आवास विकास कालोनी में कूड़ा डालने को लेकर पड़ौसियों के बीच हुए विवाद में गोली चलने से मौहल्ले में दहशत फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि आवास विकास कॉलोनी निवासी अविनाश ठेले पर जूस बेचता है। बताया गया कि पड़ौसी से कूड़ा डालने को लेकर उसका विवाद हो गया था। आज शाम जब वह अपना ठेला लेकर घर वापस पहुंचा, तो एक बार फिर पड़ौसी ने उस पर कूड़ा डालने का आरोप लगाया, जिसे लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। अविनाश का आरोप है कि पड़ौसी ने उसकी कनपटी पर बंदूक तान दी और गोली चला दी। अचानक उसकी मां ने हाथ मारकर बंदूक की नाल उसकी कनपटी से हटा दी। हमलावर द्वारा चलाई गई गोली उसके घर की अलमारी में जा धंसी। फायर की आवाज से मौहल्ले में दहशत फैल गई और मौके पर भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी। एसएचओ सिविल लाइन का कहना है कि आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है।

योऽन्तःसुखोऽन्तरारामस्तथान्तर्ज्योतिरेव यः।
स योगी ब्रह्मनिर्वाणं ब्रह्मभूतोऽधिगच्छति।।
(श्रीमद्भगद्गीता कर्म संन्यास योग-नामक अध्याय ५ श्लोक २४)

(जो पुरुष अन्तरात्मा में ही सुख वाला है, आत्मा में ही रमण करने वाला है तथा जो आत्मा में ही ज्ञान वाला है, वह सच्चिदानन्दघन परब्रह्म परमात्मा के साथ एकीभाव को प्राप्त सांख्य योगी शान्त ब्रह्म को प्राप्त होता है।।)

गुणातीत कर्मयोगी तथा हमारे प्रेरणास्रोत
स्वर्गीय लाला हरबंस लाल गोयल



(दशम् निर्वाण दिवस)
(जन्म : 04 अगस्त 1922 निर्वाण : 23 नवम्बर 2021)
आपके सिद्धान्त, नीति एवं पदचिन्ह ही हमारे आदर्श हैं।

दिनांक – 23.11.2022, श्रद्धांजलि सभा – प्रात: 10:00 बजे
स्थान– एम0जी0 पब्लिक स्कूल, सरकुलर रोड़, मुजफ्फरनगर

एम0जी0 पब्लिक स्कूल, एम0जी0 वर्ल्ड विज़न स्कूल के प्रधानाचार्या शिक्षक मण्डल तथा छात्र–छात्राएँ
एम0जी0 चैरिटेबल ट्रस्ट के समस्त पदाधिकारी

शायोनी की नृत्यकला ने किया मंत्र मुग्ध

दूसरे दिन भी स्पिक मैके के शास्त्रीय संगीत आधारित आयोजनों में छाया भरत नाट्यम नृत्यांगना चकब्रर्ती द्वारा पेश अद्भुत भाव भंगिमाओं से प्रकृति का चित्र हुआ साकार

मुजफ्फरनगर, 22 नवंबर (बु.)। स्पिक मैके (सोसाइटी फॉर द प्रोमोशन ऑफ इंडियन क्लासिकल म्यूजिक एंड कल्चर अमंगस्ट यूथ) द्वारा वर्कशॉप डेमोंस्ट्रेशन श्रृंखला के दूसरे दिन वैदिक पुत्री कन्या इंटर कॉलेज व भागवंती सरस्वती कन्या विद्यालय में शायोनी चक्रबर्ती द्वारा बेहद प्रभावी वर्कशॉप व प्रस्तुति दी गयी। जिला विद्यालय निरीक्षक गजेंद्र कुनार ने स्पिक मैके को विश्व का अनूठा आंदोलन बताते हुए प्रत्येक स्कूल को जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अपनी जड़ों से जुड़े बिना हम अपनी पहचान कायम नहीं रख सकते।

स्पिक मैके मुजफ्फरनगर चैप्टर के इंटर कॉलेजों में डब्ल्यूडी श्रृंखला के तहत भरतनाट्यम कलाकार शायोनी चक्रबर्ती ने नृत्य की भाषा में प्रयुक्त होने वाली मुद्राओं, नेत्र संचालन व ग्रीवा संचालन के भेदों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि शास्त्रीय नृत्य अपने गूढ़तम भावों को व्यक्त करने में सक्षम है। शायोनी चक्रबर्ती ने "मैं तो नहिं जाऊं जमुना के तीर" पर कृष्ण प्रसंग की मनमोहक प्रस्तुति दी । श्रृंगार हास्य और करुण रस से परिपूर्ण में कृष्ण मां यशोदा से गोपियों की शिकायत करते हैं। इसकी प्रस्तुति देख विद्यालय प्रांगण तालियों से गूंज उठा। हिमालय वर्णन में हिमालय की छटा, उसकी बर्फीली चोटियां, वन्य जीवों, वृक्षों लताओं आदि की अद्भुत नृत्य रचना से दर्शक मंत्रमुग्ध हो गये। वैदिक पुत्री विद्यालय की डॉ. राकेश कुमारी व भागवंती की प्रधानाचार्या सीमा गोयल ने प्रबंध तंत्र पदाधिकारियों, डीआईओएस गजेंद्र कुमार के साथ दीप प्रज्ज्वलन किया तथा कलाकार शायोनी चक्रबर्ती का स्वागत किया।

विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यों समेत अरुण खण्डेलवाल, प्रभा मजूमदार, भूदेव सिंह, नीति मित्तल, भावना सिंघल, नंदिनी मिनोचा, सागर आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक गजेंद्र कुमार ने दोनों विद्यालयों में स्पिक मैके के अनूठे प्रयासों को प्रत्येक माध्यमिक विद्यालय में ले जाने की आवश्यकता पर बल दिया तथा जिले के प्रत्येक विद्यालय में कार्यक्रम कराने का वचन दिया। वे दोनों विद्यालयों में पूरे समय उपस्थित रहे। दीप प्रज्ज्वलन की औपचारिकता विद्यालय के प्रधानाचार्यों डॉ. कंचन प्रभा शुक्ला व विजय शर्मा ने जिला विद्यालय निरीक्षक, शयानी चक्रबर्ती तथा अन्य अतिथियों के साथ सम्पन्न की तथा कलाकार का स्वागत व धन्यवाद ज्ञापित किया। स्पिक मैके की ओर से डॉ. मृदुला व नीति मित्तल, भावना सिंघल, हर्ष, नंदिनी मिनोचा आदि ने अपना योगदान दिया।

जिला कारागार में मनाई गई गीता जयंती

गीता जी सर्वधर्म के लोगों का जीवन प्रबंधन ग्रंथ: सीताराम शर्मा

मुजफ्फरनगर, 22 नवंबर (बु.)। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानन्द महाराज की प्रेरणा से मंगलवार बंदियों के संग गीता जयंती धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान जिला कारागार परिसर में भक्तिमय गीता पाठ महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानन्द महाराज की प्रेरणा से पूरे विश्व के साथ 5159 गीता जयंती बहुत से ही उत्साह भक्ति भाव से मनाई गई है। अभियान की इस कड़ी में जहां एक और कुरुक्षेत्र में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानन्द महाराज के सानिध्य में मुरारी बापू द्वारा मानस गीता जी एवं श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है।

उसी श्रंखला में जीओ गीता परिवार मुजफ्फरनगर द्वारा भी 18 दिन, 18 परिवार और 18 अध्याय का कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसमें मंगलवार में जिला कारागार परिसर में जेल अधीक्षक सीताराम शर्मा के सानिध्य में जिला कारागार में बंदियों के साथ गीता जी के आठवें अध्याय का पाठ किया गया।

अभियान की इस कड़ी में सर्व प्रथम गणपति वंदना महामंत्र का जाप, कृष्ण कृपा अमृत का पाठ, उसके बाद गीता जी के अष्टम अध्याय का पाठ व जेल अधीक्षक सीताराम शर्मा द्वारा पूर्ण गीता जी को सार के साथ सम-ाया गया कि गीता जी को हम धर्म के हिसाब से समझें तो भी अच्छा और अगर हम धार्मिक रूप से न भी लें तो भी गीता जी सर्वधर्म के लोगों का जीवन प्रबंधन ग्रंथ हो सकता है। इस दौरान जिला कारागार में शैलेन्द्र किंगर ने महर्षि वाल्मीकि का उदाहरण देकर बताया कि डाकू रत्नागर से वह संत वाल्मीकि कैसे बनें, अगर उन्होंने ऐसा किया तो आप क्यूं नहीं कर सकते हैं। इसके बाद गीता जी की आरती कर जेल अधीक्षक सीताराम शर्मा ने सभी बंदियों को अपने हाथ से प्रसाद वितरित किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अतुल कुमार गर्ग, अजय कुमार गर्ग, सुभाष गर्ग, सुभाष गोयल, देवेंद्र शर्मा, खुर्शीद आलम, सुरेंद्र सिंघल, प्रेम प्रकाश अरोरा का सहयोग रहा। इस अवसर पर जेलर कमलेश सिंह, उप जेलर सुरेन्द्र मोहन सिंह, कैलाश नारायण शुक्ला, कुमारी मेघा राजपूत एवं अन्य जेल स्टाफ उपस्थित रहा।

फोटो बुलेटिन

कार्यक्रम में सिर पर गीता जी को उठाए हुए जेल अधीक्षक सीताराम।

बाबा बालकनाथ के जयकारे से गूंजा मुजफ्फरनगर

सिद्धपीठ... श्री सिद्ध बाबा बालकनाथ मन्दिर में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव समारोह, उमड़े श्रद्धालु

मुजफ्फरनगर, 22 नवंबर (बु.)। कूकड़ा क्षेत्र अमित बिहार कॉलोनी गली नं0-02 में स्थित सिद्धपीठ श्री सिद्ध बाबा बालक नाथ मन्दिर मे बड़ी धूमधाम के साथ मन्दिर का 27वाँ वार्षिकोत्सव मनाया गया।

सोमवार को हवन प्रारम्भ हुआ उसके बाद दिन में 12:00 बजे से भण्ड़ारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। रात्रि में विधिवत पूजन कर माँ भगवती का जागरण हुआ, नारायणगढ़ स्थित ब्राह्मण माजरा से आए संत शिरोमणि बाबा श्री श्यामनाथ जी द्वारा ज्योति प्रज्जवलित की गई, बाहर से आए दर्जनों कलाकारों द्वारा बाबा बालक नाथ जी का संगीतमयी गुणगान किया गया, हजारों श्रद्धालुओं ने भाव-विभोर होकर व नाचकर एवं झूमकर बाबा को मनाया। सेवादारों में आचार्य रामपाल, मनोज, अशोक, मोनू, सुमित, शुभम, धर्मेन्द्र, विनीत आदि भक्तजन मौजूद रहे, जिन्होंने मन्दिर कार्यक्रम निर्विघ्न सफल बनाने में पूर्ण सहयोग दिया।

वार्षिक उत्सव में कलाकारों ने बाबा बालक नाथ जी का संगीतमयी गुणगान किया तो उनके भजनों पर उत्सव में मौजूद हजारों श्रद्धालुओं ने भक्ति में भाव-विभोर होते हुए नाच एवं झूम कर श्रद्धा दिखाई।

फोटो बुलेटिन

माधव विहार जानसठ रोड पर 25 नवंबर से श्रीमद् भागवत कथा का गुणगान

मुजफ्फरनगर, 22 नवंबर (बु.)। नगर के जानसठ रोड माधव विहार स्थित सत्यकुल सदन में आगामी 25 नवंबर से 2 दिसंबर तक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कांग्रेस के शहर अध्यक्ष सतीश गर्ग, ठेकेदार अवनीश गर्ग की ओर से उनकी माता स्वर्गीय श्रीमती सत्यवती देवी एवं कुलभूषण गर्ग की स्मृति में होने वाले इस श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में मथुरा वाले कथा व्यास हिमेश शास्त्री जी के मुखारविंद से शुक्रवार 25 नवंबर को मंगल कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ होगा।

इस सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव के दौरान माधव बिहार में श्री सूक्त परीक्षित चरित्र, श्री राम चरित्र, श्री कृष्ण जन्मोत्सव, श्री कृष्ण रुकमणी विवाह, द्वारका लीला, सती, ध्रुव, भारत, नरसिंह अवतार और भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं के सुन्दर एवं संगीतमयी वर्णन के साथ शुक्रवार 2 दिसंबर को हवन पूजन और भोग प्रसाद के साथ भंडारे के आयोजन के बाद श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का विश्राम किया जाएगा।

खून देकर मनाया मुलायम का बर्थ-डे

मुजफ्फरनगर, 22 नवम्बर (बु.)। पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के जन्मदिन पर सपा कार्यालय पर मंगलवार को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता प्रमोद त्यागी एडवोकेट, संचालन साजिद हसन ने किया।

विचार गोष्ठी में प्रमोद त्यागी एडवोकेट ने कहा कि धरतीपुत्र व नेताजी के नाम से विख्यात मुलायम सिंह यादव का जीवन संघर्ष की महान गाथा है। पूर्व सांसद हरेंद्र मलिक, पूर्व सांसद कादिर राणा ने उन्हें सबसे बड़ा संघर्षशील नेता बताया। मीरापुर विधायक चंदन चौहान, अलीम सिद्दीकी, राकेश शर्मा, पूर्व मंत्री राजकुमार यादव, महेश बंसल, लियाकत अली, सत्येंद्र सैनी, अंसार आढ़ती, जिया चौधरी, सरताज राणा, सलीम मलिक, प्रवीण मलिक, शौकत अंसारी, सैय्यद अली अब्बास काजमी ने संकल्प लिया। लेखक सत्यवीर अग्रवाल को सम्मानित किया। अस्पताल में मरीजों को फल वितरण तथा गरीब असहाय लोगों को कंबल बांटे गए, वहीं मुलायम सिंह यादव के जन्मदिन पर फिरोज अंसारी, संदीप धनगर, राशिद मलिक, युसूफ गौर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया।

रक्त संबंधों में संपत्ति हस्तांतरण का अंतिम अवसर

यूपी में विशेष उपहार गिफ्ट की समय सीमा केवल 17 दिसंबर तक

मुजफ्फरनगर, 22 नवंबर (बु.)। उत्तर प्रदेश दस्तावेज लेखक एसोसिएशन की जिला इकाई के अध्यक्ष चौधरी प्रमोद कुमार ने जनपद के ऐसे पात्रों को सरकार की ओर से मिलने वाली छूट का लाभ उठाने का आग्रह किया है, जो पारिवारिक ब्लड रिलेशन में सरकार की ओर से मिलने वाली छूट का लाभ उठा सकते हैं।

उन्होंने योगी सरकार की पहल पर 18 जून को पारित आदेश का हवाला देते हुए बताया कि छूट की यह योजना मात्र 6 माह के लिए दी गई थी, जो आगामी 17 दिसंबर को समाप्त होने जा रही है। उन्होंने ऐसे पात्रों जो पारिवारिक ब्लड रिलेशन में इस योजना का लाभ पाने के इच्छुक हैं, उनके लिए जानकारी देते हुए बताया कि शासन स्तर पर जारी आदेशों के बीच स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग की प्रमुख सचिव वीना कुमारी की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार बताया गया था कि अगर प्रदेश का कोई व्यक्ति अपनी संपत्ति अपने रक्त संबंधियों के नाम करना चाहे तो उसे इसके लिए अब स्टांप ड्यूटी की अधिकतम सीमा 5000 रुपये कर दी गई है। उन्होंने बताया कि शासन ने रक्त संबंधियों के बीच संपत्ति हस्तांतरण पर स्टांप शुल्क में छूट की अधिसूचना 6 माह के लिए शुरू की थी, जो आगामी 17 दिसंबर को पूर्ण होने जा रही है। स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग की प्रमुख सचिव वीना कुमारी की ओर से जारी की गई अधिसूचना के अनुसार अगर प्रदेश का कोई व्यक्ति अपनी संपत्ति अपने रक्त संबंधियों के नाम करना चाहे तो उसे इसके लिए अब स्टांप ड्यूटी की अधिकतम सीमा 5000 रुपये कर दी गई है। इस व्यवस्था को छह माह के लिए लागू किया गया है। शासन की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार स्टांप ड्यूटी की अधिकतम सीमा पिता, माता, पति, पत्नी, पुत्र, पुत्री, पुत्रवधू (पुत्र की पत्नी), दामाद (पुत्री का पति), सगे भाई, सगी बहन, पुत्र/पुत्री का पुत्र/पुत्री के नाम हस्तांतरित की जाने वाली अचल संपत्ति के लिए लागू होगी। अब तक अर्जित संपत्ति को परिजनों को दान करने पर संपत्ति को बेचने पर लगने वाले शुल्क के बराबर राशि जमा करनी पड़ती थी। 14 जून को कैबिनेट ने इससे संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी थी।



प्रशासक से मिले पालिका सफाई कर्मचारी संघ के नेता

मुजफ्फरनगर, 22 नवंबर (बु.)। मंगलवार को नगरपालिका परिषद मुजफ्फरनगर सफाई कर्मचारी संघ के नव निर्वाचित अध्यक्ष नीरज बिड़ला और महामंत्री मिलन कुमार नगर पालिका परिषद के प्रशासक और सिटी मजिस्ट्रेट अनूप कुमार से उनके कार्यालय में मिले तथा उनसे सफाई कर्मचारियों के हित में सहयोग मांगा।

सफाई कर्मचारी संघ के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पालिका प्रशासक एवं नगर मजिस्ट्रेट को आश्वस्त किया कि नगर के सौंदर्यकरण एवं सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पालिका टीम उनके साथ है और नगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को पहले से और बेहतर करने के लिए हर संभव सार्थक प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान पालिका प्रशासक एवं सिटी मजिस्ट्रेट अनूप कुमार ने सफाई कर्मचारी संघ के नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए आश्वस्त किया कि उनकी ओर से सफाई कर्मचारी हित में हर सम्भव सहयोग रहेगा। नगर मजिस्ट्रेट अनूप कुमार से मिलने वालों में मुख्य रूप से मनोज सौदाई एडवोकेट, डब्बू उर्फ मनीष बिड़ला, ब्रजमोहन वाल्मीकि, नरेश नन्दन वाल्मीकि, राजेन्द्र वाल्मीकि, अंकुश मेहरा, सतीश उर्फ काला आदि शामिल रहे। बता दें कि नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के हाल ही में हुए सफाई कर्मचारी संघ के चुनाव में नव निर्वाचित अध्यक्ष नीरज बिल्डा और महामंत्री मिलन कुमार ने भाजपा के पूर्व विधायक प्रमोद उटवाल के भाई राजेश उटवाल और अरविन्द उर्फ सोनू मचल गुट को करारी शिकस्त देकर पालिका सफाई कर्मचारी संघ के चुनाव में जीत हासिल की है।

सफाई कर्मचारियों के हितों को लेकर सहयोग दिए जाने को लेकर रखी मांग

मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 22 नवंबर, (बु.)। मंडी में गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहे:-ढैया 1235, रसकट ढैया-940-980, चाकू 1040-1270, लड्डू 1100-1280, खुरपापाड़ 1040-1075, शक्कर मसाला 1200-1300। आमद-8,000 मन।

अरिहन्त ज्वैलर्स सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 22 नवंबर, (बु.)। सोना-चांदी के भाव इस प्रकार रहे:-

सोना- 52,500	चांदी-60,500
सिक्का- 750	गिन्नी- 40,000

आपका आज का राशिफल

बुधवार, 23 नवंबर, 2022

मेष- आज दिन 4/04 बज तक समय बेहतर, आत्मबलों से कार्य सिद्धि, व्यापार में लाभ, शेष समय प्रतिकूल, कष्ट, हानि, विवाद एवं अन्य उलझनें, सजगता जरूरी।

वृषभ- समय बेहतर, मनोवांछित, सफलता का सुयोग, पारिवारिक खुशी, प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता, आमोद-प्रमोद में रुझान।

मिथुन- दिनमान अनुकूल, व्यक्तित्व का विकास, मित्रों से अनुकूलता, सुसंदेश प्राप्त, विरोधी परास्त, मौज-मस्ती के निमित्त व्यय, दर्शनीय स्थलों की यात्रा।

कर्क- आज दिन 4/04 बजे तक प्रतिकूलता, मित्रों-स्वजनों से मतभेद, व्यर्थ भ्रमण, शेष समय सफलता में सहायक, लाभ, अध्यात्म के प्रति आस्था।

सिंह- आज दिन 4/04 बजे तक योजना सफल होने की ओर, इच्छित पद की प्राप्ति, धनागम भी, शेष समय कष्टकर, स्वास्थ्य विपरीत, व्यापार में हानि, यात्रा असफल।

कन्या- स्वविवेक से लिया गया निर्णय हितकर, नौकरी में पदोन्नति मसला हल, जीवनसाथी से सहयोग, मनो-विनोद के अवसर प्राप्त, सुख के साधन सुलभ।

तुला- उन्नति का सुअवसर, मनोरंजन में रुझान, राजनैतिक कृत्यों में संलग्नता, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, धन लाभ का मार्ग प्रशस्त, संभावित यात्रा सुखद।

वृश्चिक- आज दिन 4/04 बजे तक लाभ का मार्ग अवरुद्ध, वरिष्ठजनों की सलाह अमान्य, शेष समय में उन्नति, संबंधों में मधुरता, आर्थिक उन्नति, विरोधी परास्त।

धनु- आज दिन 4/04 बजे तक कार्य बनने से खुशी, कठिनाइयों में कमी, वाहन से सुख, व्यापारिक प्रगति में बाधा, आत्मीयजनों से कष्ट, द्रव्य की क्षति।

मकर- योजना साकार होने की ओर, आनन्द की अनुभूति, विशिष्ठजनों से सम्पर्क, यात्रा का सुपरिणाम प्राप्त, अध्यात्म आस्था, आश्वासनों से राहत।

कुम्भ- कार्यों में सफलता, पारिवारिक वातावरण में सुख-शांति, भोग-विलास में रुझान, उत्तरदायित्व के निभाने हेतु व्यय, धनागम का सुअवसर।

मीन- आज दिन 4/04 बजे तक का समय असंतोषजनक, लाभ में कमी, प्रतिष्ठा पर आघात, शेष समय में निराशा, मित्रों से गलतफहमी दूर होने को, समस्या का संतोषजनक हल।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

क्रिकेट उद्घाटन मैच में सहारनपुर पराजित

मुजफ्फरनगर, 22 नवम्बर (बु.)। स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट का आज उद्घाटन मैच चौहान क्रिकेट अकैडमी सहारनपुर और पुलिस क्रिकेट अकैडमी मुजफ्फरनगर के मध्य खेला गया जिसमें पुलिस क्रिकेट अकैडमी मुजफ्फरनगर ने सहारनपुर अकैडमी को 21 रन से हराया।

टूनार्मेंट आयोजन सचिव गौरव सिद्धार्थ ने बताया कि सहारनपुर की टीम ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। मुजफ्फरनगर की पूरी टीम 25 ओवर में मात्र 139 रन पर ऑल आउट हो गई। बल्लेबाज जानी ने 34 रन, कप्तान मानव राठी ने 19 रन, पृथ्वी त्यागी ने 26 रन, आयुष ने 17 रनों का योगदान अपनी टीम को दिया। सहारनपुर के गेंदबाज केशव अरोरा ने 3 विकेट तथा आकाश, उज्जवल, गौतम, अजय और उत्तम को एक-एक विकेट प्राप्त हुआ। 140 रनों के आसान लक्ष्य के बावजूद सहारनपुर की टीम मुजफ्फरनगर के गेंदबाजों की धारदार गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी और पूरी टीम 119 रनों पर ऑल आउट हो गई। सहारनपुर के बल्लेबाज संजय और मोहित ने 27-27 रन, प्रिंस ने 19 रन बनाए और कोई बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी पार नहीं कर सका।

पुलिस अकेडमी मुजफ्फरनगर के गेंदबाजों सिद्धार्थ, शशांक और मानव को दो-दो विकेट मिले। आयुष और अभिषेक ने एक-एक विकेट लिया, जबकि दो बल्लेबाज टीम के मजबूत क्षेत्ररक्षण के कारण रन आउट हुए। मैच में मुजफ्फरनगर के कप्तान मानव राठी 19 रन और 2 विकेट लेन पर मैन ऑफ द मैच चुने गए। अंपायर शादाब और मुनिब, स्कोरर मोनू रहे। क्रिकेट प्रतियोगिता उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी एवं मुख्य अतिथि खतौली प्रत्याशी मदन भैया व पुरकाजी विधायक अनिल कुमार एवं मीरापुर विधायक चंदन चौहान रहे। पूर्व महानगर अध्यक्ष अंसार आड़ती, सचिन अग्रवाल, शमशेर मलिक, फिरोज अंसारी, संदीप धनगर, बॉबी त्यागी, महेश बंसल, जनार्दन विश्वकर्मा, जावेद आड़ती, सत्यदेव शर्मा, इकबाल, पंकज सैनी, जसवीर राठी, संजय कुमार, फसीह अख्तर, गगन, वसीम, मुकेश, वसीम, इरफान, इकराम आदि लोग उपस्थित रहे। खेल उत्सव के प्रबंधक पूर्व राष्ट्रीय सचिव रोहन त्यागी एवं कार्यक्रम सचिव क्रिकेट कोच कुमार गौरव सिद्धार्थ रहे।

मैच में पुलिस क्रिकेट अकेडमी की टीम ने खेल के हर क्षेत्र में किया बेहतरीन प्रदर्शन, सहारनपुर को 21 रनों के अंतर से दी करारी शिकस्त

समाज के जरूरतमंद लोगों की हर संभव मदद करेगी कलाल क्षत्रिय महासभा

मुजफ्फरनगर, 22 नवंबर (बु.)। कलाल क्षत्रिय महासभा जनपद में अपने समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए हर संभव प्रयास करेगी। इसके साथ समाज में एकजुटता बनाए रखने और एक दूसरे के दुख दर्द में काम आने के लिए सभी लोग कार्य करेंगे।

मोहल्ला रामपुरी में सोनू कलाल के आवास पर संपन्न हुई बैठक में हाल ही में हुए कार्यक्रम की समीक्षा के साथ आय-व्यय के ब्यौरे पर चर्चा की गई। बैठक में अधिकांश वक्ताओं ने कहा कि समाज के सभी वर्गों के हित के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। इसके साथ ही विशेष अवसरों पर समाज के उन लोगों की जरूरतों को पूरा करने में महासभा मदद करेगी, जिन्हें इसकी आवश्यकता है। इसके साथ समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने तथा समाज के सभी वर्गों को एकजुट रखकर संगठन को मजबूत बनाने पर विचार किया गया। बैठक में वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए कहा कि प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को कार्यकारिणी की नियमित बैठक हुआ करेगी, जिसमें सामाजिक कार्यक्रमों की रूपरेखा के साथ आगे के कार्यक्रमों पर चर्चा की जाएगी।

कलाल क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष प्रमोद कलाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में मुख्य रूप से विजय कलाल, ऋषिराज वालिया, वीरेंद्र वीर कलाल, शैलेंद्र कलाल, सोनू कलाल, राकेश कलाल, योगेश कलाल, संजीव कलाल, राजीव कलाल, अवनीश कलाल, केतन कलाल, नानक चंद वालिया, विकास कलाल, प्रवेश कलाल, रोहताश कलाल और संजय कलाल मौजूद रहे।

एम.जी. पब्लिक स्कूल में वित्तीय साक्षरता पर कार्यशाला संपन्न

मुजफ्फरनगर, 22 नवम्बर (बु.)। एम.जी. पब्लिक स्कूल में सीबीएसई के जनजागरुकता कार्यक्रम के अन्तर्गत वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल उपकरणों के उपयोग पर संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षक-शिक्षिकाओं को आर्थिक बचत के लिए छोटे-छोटे निर्णय लेने और इस बचत को एक बड़े लाभांश के रूप में रिटर्न पाने के लिए बेहतर निवेश की जानकारियां प्रदान की गई।

एम.जी. पब्लिक स्कूल में मंगलवार को वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल उपकरणों के उपयोग पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में मुख्य अतिथि सीबीएसई की रिसोर्स पर्सन सुश्री नुपुर अरोरा का विद्यालय प्रांगण में पधारने पर प्रधानाचार्या श्रीमति मोनिका गर्ग द्वारा बुके भेंटकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सीबीएसई रिसार्स पर्सन सुश्री नुपुर अरोरा एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमति मोनिका गर्ग द्वारा संयुक्त रूप से विद्या की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती के भावपूर्ण वंदना के साथ दीप प्रज्जवलन से हुआ। प्रधानाचार्या ने सीबीएसई रिसार्स पर्सन का प्रतिभागियों से परिचय कराया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीबीएसई से सम्बद्ध तीन विद्यालयों एम.जी. पब्लिक स्कूल, राणा पब्लिक स्कूल और डीएस पब्लिक स्कूल के 100 से ज्यादा शिक्षक-शिक्षिकाओं के द्वारा प्रतिभागियों के रूप में सहभागिता कर वित्तीय साक्षरता पर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

इस तरह के कार्यक्रमों के द्वारा सीबीएसई ने वित्तीय साक्षरता की मूल बातें व वर्तमान परिदृश्य में प्रासांगिक डिजिटल उपकरणों के उपयोग पर देश भर के शिक्षकों को संवेदनशील बनाने के लिए एक पहल की है। इस सत्र में बुनियादी वित्तीय नियोजन, फिशिंग और साइबर धोखाधड़ी आदि के शिकार होने से बचने के बारे में प्रतिभागियों को जागरूक किया गया, जिससे शिक्षकों को अपने भविष्य की बेहतर तरीके से योजना बनाने के लिए अपडेट रहने में मदद मिलेगी। यह पहल सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियम, 1996 के संदर्भ में शिक्षक शिक्षा पर जागरूकता पहल से संबंधित गतिविधियों का हिस्सा है।

रिसार्स पर्सन सुश्री नुपुर अरोरा ने बहुत ही रोचक, सहज, सरल, आकर्षक एवं परस्पर संवादात्मक तरीके से विषय को समझाने का प्रयास किया। प्रतिभागी शिक्षकगणों ने भी पूरे सत्र के दौरान अत्यंत तन्मयता से सहभागिता की। साथ ही प्रश्न पूछ कर इस संदर्भ में अपनी जिज्ञासाओं को भी शांत किया। प्रशिक्षण के पश्चात सभी प्रतिभागी शिक्षकों को सीबीएसई द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

प्रधानाचार्या श्रीमति मोनिका गर्ग ने बताया कि सीबीएसई द्वारा चलाये जा रहे हब ऑफ लिटरेसी प्रोग्राम के अन्तर्गत यह कार्यशाला आयोजित कराई गई। इसमें एम.जी. पब्लिक स्कूल ने लीड कोलाबोरेटर की भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि सीबीएसई ने वित्तीय साक्षरता की मूल बातें व वर्तमान परिदृश्य में प्रासंगिक डिजिटल उपकरणों के उपयोग पर देशभर के शिक्षकों को संवेदनशील बनाने के लिए यह एक अच्छी पहल की है। अंत में रिसोर्स पर्सन सुश्री नुपुर शर्मा को प्रधानाचार्या श्रीमति मोनिका गर्ग द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया और सभी प्रतिभागी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन ट्रेनिंग कोर्डिनेटर रितु शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के टीचर्स और अन्य समस्त स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा।

फोटो बुलेटिन

वित्तीय साक्षरता कार्यशाला में प्रशिक्षक नुपुर शर्मा व उपस्थित प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग तथा अन्य टीचर्स।

लव जिहाद की घटनाओं पर जताई आपत्ति, शोक सभा कर सौंपा ज्ञापन

मुजफ्फरनगर, 22 नवंबर (बु.)। राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन ने मंगलवार को चैक के निकट तुलसी पार्क में लव जिहाद में मारी गई हिंदू युवतियों की आत्मा की शांति के निमित्त शोक सभा का आयोजन किया शोक सभा में दिवंगत आत्मा को मोमबत्ती जला कर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की।

शोक सभा में संयोजक संजय अरोरा ने कहा कि अपने बच्चों को लव जिहाद से बचाएं। भावी पीढ़ी को लव जिहाद के बारे में बताना होगा। इस्लामिक कट्टरपंथियों द्वारा लव जिहाद के नाम पर हिंदू युवतियों की हत्या की जा रही है, उससे हिंदू समाज में जबरदस्त रोष व्याप्त है। शोक सभा के बाद एक ज्ञापन प्रधानमंत्री के नाम नगर कोतवाली प्रभारी के माध्यम से प्रेषित करते हुए उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि सरकार द्वारा लव जिहाद पर रोक लगाने के लिए सख्त कानून बनाया जाना चाहिए और इस कानून के तहत ऐसे मामलों में एक माह के अंदर दोषियों को फांसी की सजा का प्रावधान करें।

संगठन द्वारा आयोजित शोक सभा में प्रवीण जैन, सुनील वर्मा, सोनू माहेश्वरी, विपिन शर्मा, उपेंद्र बालियान, कन्हैया शर्मा, अमृत शर्मा, बबली राणा, अंकित पाल, प्रमोद वर्मा, संजय ठाकुर, विशाल, सचिन पाल, विशाल, राजकुमार गर्ग, नीरज कुमार, निशांत, शुभम, धीमान, सचिन, अंकित वर्मा, उज्जवल शर्मा, अजीत, नीरू, विशू मित्तल, अक्षय कुमार, नरेंद्र कुमार, नरेंद्र कुमार, अमित आदि मौजूद रहे।

रोजगार मेले में 62 का हुआ चयन

मुजफ्फरनगर, 22 नवंबर (बु.)। जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा एक रोजगार मेले एवं प्री-काउंसिलिंग सत्र का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत 107 अभ्यर्थियों ने भाग लिया एवं 62 का नियोजकों द्वारा चयन किया गया। अभ्यर्थियों को सेल्स, हेल्थकेयर एवं मशीन ऑपरेटर के पद हेतु जनपद मुजफ्फरनगर, मेरठ, शामली, दिल्ली एवं गोवा के लिए चुना गया। आयोजन के समय श्रीमति पारुल सिघंल, प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी एंव डॉ. सोनाली सिंह, सहायक सेवायोजन अधिकारी मौजूद रहे।

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ

1973-2022

सम्पादक की कलम से

कतर में फीफा वर्ल्ड कप

कतर में फुटबॉल वर्ल्ड कप चल रहा है। पूरा कतर फुटबॉल के रंग में रंगा दिखाई दे रहा है। फुटबॉल की दिवानगी दुनिया में क्रिकेट से कम बिल्कुल नहीं है। कतर में इस टूर्नामेंट की शुरूआत रंगारंग कार्यक्रम के साथ हुई थी। पॉप बैंड बीटीएस बैंड के जंग कुक और मशहूर अभिनेता मॉर्गन फ्रीमैन ने कार्यक्रम में रंग जमाया। ये पहला अवसर है, जब फीफा वर्ल्ड कप किसी मध्य एशिया के देश में आयोजित किया जा रहा है। मेजबान कतर और इक्वाडोर के बीच उद्घाटन मैच हुआ। कतर वर्ल्ड कप 2022 के पहले मुकाबले में इक्वाडोर ने मेजबान कतर को 2-0 से हरा दिया है। इस जीत के साथ ही इक्वाडोर ने तीन अंक अर्जित कर लिए। ये फुटबॉल वर्ल्ड कप में पहली बार है, जब कोई मेजबान टीम टूर्नामेंट का ओपनिंग मुकाबला हार गई। इक्वाडोर ने मैच के पहले हाफ में 16वें और 31वें मिनट में गोल दागे और पूरे मैच पर हावी रही। एनर वेलेंशिया ने इक्वाडोर के लिए दोनों गोल दागे। उनके एक गोल को वीडियो असिस्टेंट रेफरी ने निरस्त कर दिया। इस बार इस टूर्नामेंट में सबकी नजर अर्जेंटीना के कप्तान लियोनल मेसी और पुर्तगाल के कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो पर होगी। इस बार मौजूदा विश्व चैंपियन फ्रांस अपने खिताब की रक्षा करने के लिए पूरा जोर लगाएगा। इसके अलावा ब्राजील, अर्जेंटीना, जर्मनी, इंग्लैंड, स्पेन, बेल्जियम, नीदरलैंड, डेनमार्क, पुर्तगाल, गत उपविजेता क्रो एशिया की टीमें प्रमुख विश्व कप ट्रॉफी पर कब्जा करने की प्रबल दावेदार हैं। यह 1978 के अर्जेंटीना वर्ल्ड कप के बाद अब तक का सबसे कम अवधि वाला टूनामेंट होगा, यानी खेल शुरू होने से लेकर खत्म होने तक यानी 20 नवंबर से 18 दिसम्बर, सिर्फ 29 दिन का। फीफा वर्ल्ड कप के इस 22 वें संस्करण में हिस्सा लेने के लिए पिछले 4 साल से 210 टीमें जोर लगा रही हैं, लेकिन मेजबान देश कतर समेत केवल 32 टीम ही वर्ल्ड कप में हिस्सा लेंगी। अब तक 29 टीमें वर्ल्ड कप में अपनी जगह बना चुकी हैं। बाकी की तीन टीमें जून में होने जा रहे मुकाबले के बाद तय की जाएंगी। पहली दो सीट इंटरकान्टिनेंटल प्ले ऑफ के जरिए निर्धारित की जाएंगी और एक सीट तब तय होगी, जब यूक्रेन-स्कॉटलैंड के बीच मैच की विजेता टीम वेल्स से भिड़ेगी। इस टूनामेंट की मेजबानी के लिए कतर ने बड़ी संख्या में आधारभूत संरचनाओं का निर्माण कराया है। स्टेडियमों के अलावा 100 नए होटल बनाए गए हैं और नई सड़कें और एक मेट्रो का निर्माण किया गया है। लुसैल में आखिरी स्टेडियम के चारों ओर एक नया शहर ही बनाया जा रहा है। स्टेडियमों और ट्रेनिंग सेंटरों का अकेले ही बजट 5.3 अरब पाउंड यानी करीब 48,816 अरब रुपये है।

आयोजकों का अनुमान है कि इस टूनामेंट में करीब 15 लाख फैन शामिल होंगे। हालांकि, देश की यात्रा करने वाले पर्यटकों के लिए करीब 1,75,000 कमरे हैं। इस टूनामेंट के लिए कतर में कुल 8 स्टेडियम तैयार किए गए हैं। 8 में से 7 तो इस टूनामेंट के लिए बिल्कुल शुरूआत से बनाए गए हैं। बाकी बचे एक को भी पूरी तरह से फिर से तैयार किया गया है। ये सभी स्टेडियम एक-दूसरे से करीब एक घंटे की ड्राइव और ज्यादा से ज्यादा 43 मील की दूरी पर हैं। फीफा वर्ल्ड कप में ईरान की टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ अपने पहले मुकाबले में राष्ट्रगान गाने से इनकार कर दिया। दोहा के खलीफा अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में राष्ट्रगान के दौरान स्टेडियम में मौजूद कुछ प्रशंसक चिल्ला रहे थे और हंसी-मजाक कर रहे थे तो कुछ एक लय में 'वुमन, लाइफ, फ्रीडम' गा रहे थे। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने राष्ट्रगान का कवरेज नहीं दिखाया और इस दौरान पूर्व में फिल्माए गए स्टेडियम के दृश्य दिखाए जाते रहे। ईरान में पिछले कुछ महीनों में हिजाब के विरोध में प्रदर्शन हुए हैं, वहीं सरकार ने इन प्रदर्शनों को दबाने के लिए सख़्ती दिखाई है। दो महीने पहले ईरान के सख़्त ड्रेस कोड का उल्लंघन करने के आरोप में 22 साल की महसा आमिनी नाम की लड़की को गिरफ़्तार किया था, जिसके बाद हिरासत में उनकी मौत हो गई थी। इंग्लैंड और ईरान के बीच दिलचस्प मैच हुआ। यह मुकाबला ईरान 6-2 से हार गया। इस मैच में ईरानी दर्शकों ने अपनी समस्याओं के लिए नारे बाजी भी की, दूसरी तरफ मैदान पर राष्ट्र गान पर खामोश रहकर ईरान के खिलाड़ियों ने देश-विदेश में चर्चा खूब बटोरी, लेकिन इंग्लैंड के हाथों करारी शिकस्त के बाद टीम और इसके कोच पर अगले मुकाबलों के लिए भारी दबाव होगा। ग्रुप स्टेज में अभी ईरान के दो और मुकाबले हैं और दो बार और ईरान का राष्ट्रगान बजेगा। ईरान का हर खिलाड़ी जानता है कि अगर वो राष्ट्रगान पर खामोश रहता है, तो उसे इसकी क्या कीमत चुकानी पड़ सकती है। फीफा वर्ल्ड कप टूनामेंट आमतौर पर जून और जुलाई में आयोजित किया जाता है, लेकिन कतर में साल के इन महीनों में औसत तापमान लगभग 41 डिग्री सेल्सियस होता है और ये 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है, इतनी गर्मी खतरनाक है और ऐसी स्थिति में 90 मिनट खेलने की बात सोच भी नहीं सकते हैं। बोली प्रक्रिया के दौरान, कतर ने एडवांस्ड एयर कंडीशनिंग तकनीक का इस्तेमाल करने का वादा किया था। ऐसा कहा गया था कि ये स्टेडियम और ट्रेनिंग पिच जैसी जगहों को 23 डिग्री सेल्सियस तक ठंडा कर देगा। हालांकि, फीफा ने ये फैसला लिया कि टूनामेंट सर्दियों में आयोजित कराया जाएगा। साल 2010 में जब फीफा ने कतर के मेजबानी का ऐलान किया तब ही से वर्ल्ड कप 2022 विवादों में है। कतर ने अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया और जापान जैसे देशों को पीछे छोड़कर मेजबानी हासिल की, तो ये कई लोगों के लिए एक झटके जैसा भी था। ऐसे आरोप भी लगे कि कतर ने इसके लिए फीफा के अधिकारियों को रिश्वत दी थी। हालांकि, बाद में फीफा ने इन आरोपों की स्वतंत्र जांच कराई थी, जिसमें कोई ठोस सबूत नहीं मिला। कतर ने इन आरोपों से इंकार किया था कि उसने प्रतिनिधियों के वोट खरीदे, लेकिन फ्रांसीसी अधिकारियों की तरफ से शुरू हुई जांच अब भी जारी है और साल 2020 में अमेरिका ने फीफा के तीन अधिकारियों पर पेमेंट हासिल करने का आरोप लगाया था।

चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"जहालत" "फायदा" "माइक" "टोपी"

जहालत को छुपाने से नहीं है फायदा कोई,
कहीं भी देखकर माइक जबां पर आ ही जाती है।
कभी छुपती नहीं 'उत्सव', अकड़ की द्वेष की बदबू,
कभी टोपी से आती है, कभी कुर्ते से आती है।

यूजीसी नीट परीक्षा में अब आकाश गोस्वामी ने बढ़ाया जिले का मान



मुजफ्फरनगर, 22 नवम्बर (बु.)। नेशनल परीक्षा एजेंसी द्वारा नीट यूजीसी जून-2022 परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। उक्त परीक्षा में मुजफ्फरनगर के आकाश गोस्वामी ने परीक्षा में टॉप रैंक हासिल करते हुए जिले के साथ परिवार का नाम गौरान्वित किया है। बेटे की इस सफलता पर गोस्वामी परिवार में खुशी का माहौल है। शनिवार को आकाश गोस्वामी ने बताया कि यूजीसी नीट जून-2022 की परीक्षा में उसने 96.8128467 प्रतिशत अंकों के साथ में उत्तीर्ण करने के साथ 198 रैंक हासिल की है। आकाश गोस्वामी ने इस सफलता के लिए अपने माता-पिता के साथ गोस्वामी परिवार के अन्य सदस्यों से मिले सहयोग को बताया है। परिवार में मिली इस सफलता से खुशी का माहौल देखने को मिल रहा है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की ओर से जारी बयान के मुताबिक सबसे ज्यादा परीक्षा पास करने वाले अभ्यर्थी इस बार उत्तर प्रदेश से हैं. वहीं, इसके बाद महाराष्ट्र के सबसे ज्यादा अभ्यर्थियों ने नीट की परीक्षा पास की है।

चोरी के आरोपी के घर कुर्की नोटिस चस्पा

कैराना, 22 नवम्बर (बु.)। चोरी एवं बरामदगी के मामले में वांछित आरोपी के घर पर पुलिस ने कुर्की उद्घोषणा का नोटिस चस्पा कर दिया है।

उपनिरीक्षक राहुल कादयान ने बताया कि बागपत कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला ईदगाह निवासी शौकीन पुत्र उमरदीन चोरी एवं बरामदगी के मामले में वांछित चल रहा है। पुलिस के प्रयासों के बाजवूद भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। इसी के चलते कोर्ट से आदेश प्राप्त कर आरोपी शौकीन के घर पर सीआरपीसी की धारा 82 के तहत कुर्की का नोटिस चस्पा कर दिया गया है।

खतौली उपचुनाव को लेकर कसी कमर, माननीयों ने दिए जीत के टिप्स

खतौली, 22 नवम्बर (बु.)। विधानसभा उपचुनाव के चलते भाजपा की जनप्रतिनिधि बैठक में भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान, प्रदेश राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल सहित पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहित बेनीवाल ने भाजपाइयों को जीत का पाठ पढ़ाया। मिली जानकारी के अनुसार खतौली विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजकुमारी सैनी के समर्थन में नगर के आर्यन विवाह स्थल में भाजपा जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला की अध्यक्षता में आहूत बैठक में पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने भाजपा पदाधिकारियों, चुनाव संचालन समिति व शक्ति केन्द्र टोलियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकारों के विकास कार्यों व जनहितैषी योजनाओं को लेकर जनता का विश्वास भाजपा में बढ़ रहा है, जिसके फलस्वरूप जहां भाजपा का निरन्तर विस्तार हो रहा है।

वहीं भाजपा के कुनबे में भी इजाफा हो रहा है। प्रदेशीय संगठन महामंत्री ने इस अवसर पर भाजपाई को चुनाव के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए चुनाव में निष्ठा-पूर्वक अपनी सहभागिता बनाने व बूथ स्तर तक मतदाताओं से जनसम्पर्क बनाने का आह्वान किया। बैठक में केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान, प्रदेश के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहित बेनीवाल, राज्यमंत्री सोमेन्द्र तोमर, कुंवर बृजेश सिंह, जिला प्रभारी सत्येन्द्र सिसोदिया, डॉ. चन्द्रमोहन, विधान परिषद सदस्य वन्दना चैहान, भाजपा जिलामंत्री वैभव त्यागी, भाजपा प्रदेश महामंत्री अनुप गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष देववृत त्यागी, यशपाल पंवार, भाजपा प्रत्याशी राजकुमारी सैनी, पूर्व जिलामंत्री मदन छाबड़ा, भाजपा नगर अध्यक्ष अमित जैन, व्यापारी व भाजपा नेता वैभव जैन, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजयुमो राजकुमार छाबड़ा, मुकेश चन्देल, अनुज सहरावत, पंकज भटनागर, गुरूदत्त अरोरा, विकास कौशिक, डॉ. हबीब, अजय भुर्जी सहित भारी संख्या में भाजपा जिला पदाधिकारी व स्थानीय भाजपाई मौजूद थे।

श्रीराम कॉलेज में हुआ माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय महिला क्रिकेट टीम का चयन

मुजफ्फरनगर, 22 नवम्बर (बुस.)। श्रीराम कॉलेज में माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के महिला वर्ग की क्रिकेट टीम अंतरमहाविद्यालय महिला वर्ग की क्रिकेट प्रतियोगिता का ट्रायल का आयोजन किया गया, जिसमें माँ शाकुम्भरी सहारनपुर से संबद्ध विभिन्न जिलो के महाविद्यालयों से आये हुए खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। आज की प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व डॉ. सोनाली सिंह, जैन कन्या पीजी कॉलेज, मुजफ्फरनगर, ने किया। इस अवसर पर महिला वर्ग की क्रिकेट टीम में श्रीराम कॉलेज, जैन कन्या तथा एसडी कॉलेज से प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारभ माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय की प्रतिनिधि डॉ. सोनाली सिंह, जैन कन्या पीजी कॉलेज तथा मुख्य अतिथि डॉ. अशोक कुमार, निदेशक, श्रीराम कॉलेज, डॉ. प्रेरणा मित्तल प्राचार्या, श्रीराम कॉलेज, डॉ. विनीत कुमार शर्मा, समन्वयक आईक्यएसी, निशांत कुमार राठी, डीन कम्प्यूटर एप्लीकेशन,

प्रमोद कुमार शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष तथा अमरदीप शर्मा, शारीरिक शिक्षा विभाग के सहायक अध्यापक द्वारा विधिवत रूप से किया गया। शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि इस वर्ष माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय द्वारा महिला क्रिकेट अन्तरमहाविद्यालयी प्रतियोगिता के आयोजन की जिम्मेदारी श्रीराम कॉलेज को सौंपी गयी थी, जिसके क्रम में विश्वविद्यालय हेतु आज क्रिकेट महिला वर्ग का टीम का ट्रायल मैच खेला गया। विश्वविद्यालय चयनकर्ताओं द्वारा सभी खिलाडियों के प्रदर्शन के आधार पर टीम का चयन किया गया, जो माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय की टीम का नेतृत्व करते हुये दिनांक 26 नवम्बर से 05 दिसम्बर तक हिमाचल प्रदेश, शिमला में आयोजिन होने वाली जोनल अंतरविश्वविद्यालय महिला वर्ग की क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। श्रीराम कॉलेज के निदेशक डॉ. अशोक कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कराते हुये कहा कि महिला खिलाड़ियों का प्रदर्शन काबिले तारिफ है। इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज की प्राचार्य डॉ. प्रेरणा मित्तल ने सभी महिला खिलाडियों का उत्साहवर्द्धन किया तथा सभी चयनित खिलाड़ियों को विश्वविद्यालय टीम का नेतृत्व करने हेतु बधाई दी। इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रवक्ता भूपेन्द्र कुमार, डॉ. अब्दुल अजीज खान, संदीप कुमार, अमरदीप, प्रशान्त तथा तरूण आदि का योगदान रहा।

डाकिया डाक लाया इन दून वैली

मुजफ्फरनगर, 22 नवम्बर (बुस.)। दून वैली प्रांगण में कक्षा 3 के विद्यार्थियों को डाकघर विचरण कराया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य उनके पर्यावरण विज्ञान के पाठ्यक्रम में निहित "जर्नी ऑफ लेटर" को समझाना था। बच्चों को न्यू मंडी स्थित डाकघर ले जाया गया, जहा की प्रबंधक मिस विभुति गोयल ने विस्तार से बच्चों को सभी कक्षों का भ्रमण करवाया और हर कक्ष में क्या-क्या होता है, सब कुछ बताया।

उन्होंने बच्चों को पार्सल, पत्र, मनी सेविंग, टिकट, एटीएम और लेटर बॉक्स के दोनों रंग, हरा और लाल के मध्य अंतर भी बताया। बच्चों ने सभी जानकारी को ध्यानपूर्वक सुना और चीफ ऑफ पोस्टल स्टाफ विजेंद्र और अन्य स्टाफ को थैंक यू कार्ड देकर उनके प्रति अपना आभार व्यक्त किया। इसी से प्रेरित होकर उन्होंने एक लघु नाटिका भी स्कूल प्रांगण में प्रस्तुत की, जिसमें डाकघर में होने वाले सभी कार्य जैसे ,डाकिया का चिट्ठियां लेकर जाना, सरहद पर वीरों का पत्र के लिए इंतजार, गांव में मां की आंखों में बेटे की कोई खबर का इंतजार, दूर देश में पढ़ने गए बच्चों को उनके परिजनों के पत्र का इंतजार दिखाया गया, जिससे सभी मंत्रमुग्ध हो गए।

स्कूल ब्रांच हेड मिस ईवा ने सभी बच्चों के उत्साह की सराहना की और कहा कि क्रियात्मक रूप से बच्चों को उनके विषय समझाना भविष्य में सब कुछ याद रखने जैसा होता है। इस अवसर पर ब्रांच हेड मिस ईवा, मिस्टर यश,मिस्टर सचिन व अन्य अध्यापिका भी उपस्थित रही।

रेशू विहार में मां अन्नपूर्णा के भंडारे में पहुंचे बड़ी संख्या में लोग

मुजफ्फरनगर, 22 नवंबर (बु.)। रेशू विहार में आज मां अन्नपूर्णा का विशाल भण्ड़ारा आयोजित किया गया। इसमें तमाम राजनीतिक हस्तियां, प्रशासनिक अधिकारी, डॉक्टर, उद्योगपति, समाजसेवी एवं संत समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। माँ अन्नपूर्णा के भण्ड़ारा प्रातः 11 बजे शुरू हुआ। इस अवसर पर पंडित छांगा ने भण्ड़ारे का महत्व बताते हुए इसका महत्व बताया। केन्द्रीय राज्यमंत्री संजीव बालियान ने सत्यप्रकाष रेशू को भण्ड़ारे के आयोजन पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भण्ड़ारे हमारी भारतीय संस्कृति हैं, जहां सभी वर्गो के लोग एक साथ बैठकर मिलजुल कर माँ अन्नपूर्णा का प्रसाद प्राप्त करते हैं। सत्यप्रकाष रेशू ने कहा कि भंडारा समाज के सभी वर्गो से मिलने, वार्ता करने एवं सेवा करने का माध्यम भी है। इस अवसर पर डल्लू देवता के महंत अमित ने कहा कि भण्डारों की परम्परा गांव-गलियारों से शुरू होकर पूरे विश्व में सभी धर्मो में पाई जाती है। इस अवसर पर जयप्रकाश गर्ग, पूर्व विधायक उमेश मलिक, पूर्व विधायक सोमांश प्रकाश, पूर्व विधायक सुशीला अग्रवाल, ज्ञान कुमार एडवोकेट, अनुज बालियान सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। भण्ड़ारा स्थल को अंत में स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत की विचारधारा के साथ साफ-सुथरा कर दिया गया। यातायात व्यवस्था को सुचारू करने में मेरठ चुंगी पुलिस ने बड़ी भूमिका निभाई।

बिकाऊ है

लगभग पांच सौ गज का प्लॉट, रास्ता बीस फीट, एक सड़क का कम्बल वाला बाग, नई मण्डी, निकट द्वारकाधीश मंदिर, मुजफ्फरनगर पर बिक्री हेतु उपलब्ध है।

-: सम्पर्क करें :-
9319424433
7017263110

पीएम रिपोर्ट में मौत का कारण अस्पष्ट

- परिजनों ने पुलिस पर लगाया था मारपीट का आरोप
- मृतक का विसरा जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा

कैराना, 22 नवम्बर (बु.)। संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत के मामले में मृतक की पोस्टमार्टम जांच रिपोर्ट आ गई। इसमें मौत का कारण स्पष्ट नहीं होने पर विसरा जांच हेतु प्रयोगशाला भेज दिया गया है। क्षेत्र के गांव इस्सोपुर खुरगान निवासी गय्यूर (35) की सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी, जिसका शव उसके ही खेत पर पड़ा मिला था। इसके बाद परिजनों ने पुलिस पर दो दिन पूर्व हिरासत में लेकर की गई मारपीट में चोट के कारण मौत होने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया था। मौके पर पहुंचे एएसपी ओपी सिंह ने परिजनों को नियमानुसार कार्रवाई करने का आश्वासन देकर शांत कर दिया था और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया था। पोस्टमार्टम के उपरांत मंगलवार को शव घर पहुंचने पर परिजनों ने सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। उधर, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। मृतक के शरीर पर कोई चोट का निशान भी नहीं मिला, जिसके बाद विसरा जांच हेतु प्रयोगशाला भेज दिया गया है।

11 किलो गांजे व कार सहित तीन दबोचे

खतौली, 22 नवम्बर (बु.)। सीओ राकेश सिंह कोतवाली प्रभारी संजीव कुमार के निर्देशन में उपनिरीक्षक सुनील कुमार कसाना ने संजय कुमार, सचिन कुमार, मोहित कुमार, रजनेश व मोहित कुमार पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर चैकिंग के दौरान अलकनंदा नहर पुल के निकट जाकिर पुत्र ताहिर पठान निवासी पिरान कलियर थाना कलियर जनपद हरिद्वार मौ. इन्तजार पुत्र इश्हाक निवासी दौलतपुर थाना ककरौली, मुजफ्फरनगर व साजिद पुत्र अंसार निवासी मौहल्ला हलमा घोसी बड़ा बाजार थाना लाल कुर्ती जनपद मेरठ को गिरफ्तार कर अभियुक्तों से ग्यारह किलो गांजा व एक मारूति स्विफ्ट डिजायर कार बरामद की है।

नुक्कड़ नाटक से किया गया मतदाताओं को जागरूक

मुजफ्फरनगर, 22 नवंबर (बु.)। जनपद के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी चंद्र भूषण सिंह के निदेर्शानुसार एवं जिला विद्यालय निरीक्षक गजेन्द्र सिंह के आदेशों के क्रम में जनपद के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जनता कन्या इण्टर कॉलेज शिवपुरी खतौली मुजफ्फरनगर में मतदाता जागरूकता अभियान विधान सभा खतौली उप चुनाव के अंतर्गत की जाने वाले कार्यक्रम के अनुपालन में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।कुंद कुंद जैन इंटर कालेज, खतौली में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक के एक भाग में छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई गई। प्रधानाचार्य श्री अनुराग जैन ने नुक्कड़ नाटक की संयोजिका कुमारी प्रियंका जैन एवं छात्र छात्राओं का आभार व्यक्त किया। गोमती कन्या इंटर कॉलेज जानसठ मे प्रधानाचार्य ज्योति बाला के नेतृत्व में खतौली विधानसभा उपचुनाव के अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विद्यालय के छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक आयोजित किया गया। खतौली विधानसभा उपचुनाव के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत सीता शरण इंटर कॉलेज, खतौली के छात्रो द्वारा नुक्कड़ नाटक आयोजित किया गया।

खोया सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश की हाईस्कूल की मुख्य परीक्षा वर्ष 2011 अनुक्रमांक 0611548 की मार्कशीट वास्तव में कहीं खो गई है।

आरती सरोवा
पुत्री श्री रमेश सरोवा
निवासी : 780, रामपुरी, मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

बेदखली सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र शिवम अरोरा व सत्यम अरोरा व उनकी पत्नियां काजल अरोरा व निष्ठा अरोरा निवासीगण मकान नं. – 411ए, गली नं.–9 गाँधी कॉलोनी, थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर मेरे कहने–सुनने में नहीं है जो गलत संगत में उठते–बैठते है जो रात–दिन मेरे व मेरी की पत्नी श्रीमति लावन्या अरोरा के साथ लड़ाई–झगड़ा करते रहते हैं जो आये दिन शराब पीकर मेरे व मेरी पत्नी के साथ गाली–गलौच कर बेइज्जत करते रहते हैं, जिनकी हरकतों से मैं तंग आ गया हूं, जिस कारण मैं व मेरी पत्नी श्रीमति लावन्या शिवम अरोरा व सत्यम अरोरा तथा उनकी पत्नियों काजल अरोरा व निष्ठा अरोरा से अपने सम्बन्ध हमेशा के लिए समाप्त करते हैं। शिवम अरोरा व सत्यम अरोरा के कानूनी व सामाजिक तथा आर्थिक कृत्यों का मैं व मेरी पत्नी जिम्मेदार नहीं होगें तथा उक्त शिवम अरोरा व सत्यम अरोरा को मैंने अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। यदि कोई व्यक्ति मेरे पुत्रों शिवम अरोरा व सत्यम अरोरा से किसी प्रकार का कोई लेन–देन करता है, तो उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा, जिसमें मेरी व मेरी पत्नी की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी।

पृथ्वीराज अरोरा
पुत्र स्व. भगतराम
निवासी : 411ए, गली नं. 9, गांधी कॉलोनी, थाना नई, मुजफ्फरनगर

रोजगार मेले में 62 युवाओं को मिली भविष्य की उड़ान, किया गया चयन

मुजफ्फरनगर, 22 नवंबर (बु.)। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वाधान में राजकीय आईटीआई कैम्पस मेरठ रोड़ मुजफ्फरनगर में एक रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की चार कंपनियो ने प्रतिभाग किया इस दौरान कंपनियों द्वारा कुल 107 अभ्यथियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें विभिन्न पदों के लिए 62 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले से पूर्व अभ्यर्थियो की प्री काउंसिलिग डॉ. सोनाली सिंह सहायक जिला सेवायोजन अधिकारी, प्रतीक सिहं युवा प्रोफेशनल मॉडल करियर सेंटर द्वारा की गई। इस संबंध में जिला सेवायोजन अधिकारी पारूल सिंघल ने बताया कि प्रत्येक माह रोजगार मेले आयोजित किए जाते है, जिसकी सूचना समाचार पत्रों के माध्यम से पहले दी जाती है।

षष्टम् पुण्य तिथि

जन्म दिवस 01-02-1952
निर्वाण दिवस 23-11-2016

स्व. श्री अशोक कुमार शर्मा

जिन्दगी तो मेरी कट रही है, आपके बाद भी,
मगर आप के बिन जीने में वो बात नहीं।।
ऊपर से तो सब मेरे अपने ही अपने हैं,
मगर आपकी तरह अन्दर से मेरे कोई साथ नहीं।।
ख्याल सब रखते हैं मेरा अपने तरीके से अच्छी तरह,
मगर आपके बिना जिद करने का मजा अब आता नहीं।।
लड़ाईयाँ तो अब भी होती हैं घर में हमारे,
मगर आपसे वो मीठा–मीठा लड़ने का मजा कोई दे पाता नहीं।।
मैं आज भी शाम को दरवाजे पे नजरें टिकाये रहता हूँ,
आएंगे अभी पापा, मैं अपने दिल से बार–बार कहता हूँ।।
मगर, जब देखता हूँ आस–पास आप नहीं होते, तब सच जानिये,
आपके ये बच्चे छिप–छिप के अकेले में हैं बहुत रोते...
कोई भूल थी अगर मेरी एक दफा कहते तो मुझे,
ऐसे अकेला छोड़ जाना कोई अच्छी बात नहीं।।

ममता शर्मा (धर्मपत्नी)
विकास शर्मा-पारूल (पुत्र-पुत्रवधू)
विनय शर्मा-कोमल (पुत्र-पुत्रवधू)
शालू शर्मा-कमलकांत शर्मा (पुत्री-दामाद)
आराध्या, इशिता (धेवती)
शिवम शर्मा, कन्हैया शर्मा (पौत्र)
माधव शर्मा (पौत्र) राधिका (पौत्री)

बार संघ में ईश्वरीय विश्वविद्यालय का कार्यक्रम आयोजित हुआ

-दया और करुणा आधारित थीम पर किए आध्यात्मिक विचार व्यक्त

मुजफ्फरनगर, 22 नवंबर (बु.)। जिला बार संघ स्थित फैथम हाल में मंगलवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व-विद्यालय गांधी नगर की ओर से दया और करुणा के लिए आध्यात्मिक सशक्तिकरण थीम पर एक आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, उक्त कार्यक्रम में अधिकांश वक्ताओं ने दया और करुणा से जुड़े मुद्दों पर आमजन को जागरूक करने के साथ इस दिशा में और आगे बढ़ने का आह्वान किया है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला बार संघ के अध्यक्ष मौ० बसी अन्सारी ने कहा कि आज के परिवेश मे हम अपने दया और करुणा जैसे मुख्य गुण से दूर होते जा रहे है, ऐसे में हमे आध्यात्म का मार्ग चुनकर अपने जीवन में इसका समावेश करना चाहिए। उन्होंने सभी को दया और करुणा के प्रति जागरूक होने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में अतिथि बार संघ के महासचिव सुरेन्द्र कुमार मलिक ने भी दया और करुणा के लिए आध्यात्मिक सशक्तिकरण के होने की आवश्यकता को देखते हुए कहा कि हमें दया और करुणा के लिए आध्यात्मिक होना जरूरी है। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी बचीता दीदी ने कहा कि दया और करुणा के सागर परमपिता परमात्मा जो मन की शुद्धि और आत्मा का शुद्धिकरण करते है उन्हे उनसे राजयोग के माध्यम से जुड़कर ही हम इन गुणों को अपने जीवन में पुनः स्थापित कर सकते है जिस से सभी के प्रति हमारे मन मे शुभ भावना और शुभ कामना का भाव उत्पन्न कर सकते है।

इस दौरान अमेरिका (शिकागो) से आये अमित ने जीवन में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अपने भाव व्यक्त किया वही शिकागो से आयी राजयोगिनी बी० के अंजली दीदी ने परमात्म परिचय देते हुए कॉमेड़ी के द्वारा योग की सुन्दर अनुभूतियां कराई और एक प्रतिज्ञा पत्र पढ़ा गया और जीवन इन्हें बनाये रखने के लिए सभी के द्वारा प्रतिज्ञा की गयी।

इस अवसर पर काफी संख्या में अधिवक्ता शामिल रहे और सेवा केन्द्र के भाई बहिनों को भी सेवाओं में विशेष सहयोग देकर इस प्रोग्राम को सफल बनाया।

गैंगस्टर कोर्ट ने तीन आरोपितों को सुनाई छह-छह वर्ष की सजा

मुजफ्फरनगर, 22 नवम्बर (बु.)। गैंगस्टर कोर्ट ने मंगलवार को तमंचा फैक्ट्री संचालित करने वाले गिरोह के तीन अभियुक्तों को छह-छह वर्ष की सजा सुनाई है। इसके साथ उन पर दस-दस हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। शामली के थाना थानाभवन में 11 जुलाई 2015 को तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक ने ग्राम मुंडेट खादर में छापा मारकर अभियुक्त मौहम्मद तकि के मकान में अवैध रूप से संचालित की जा रही तमंचा फैक्ट्री से बंदूक, तमंचे व भिन्

चुनाव का असर, रुक गई खतौली में हरिद्वार एक्सप्रेस

मुजफ्फरनगर, 22 नवंबर (बु.)। केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान ने खतौली में उपचुनाव के बीच दैनिक यात्रियों की मांग पर हरिद्वार एक्सप्रेस को खतौली में रोकने के आदेश का स्वागत किया है। खतौली विधानसभा का उपचुनाव शुरू होते ही दैनिक यात्रियों ने ट्रेन के स्टॉपेज की मांग की थी। कुछ यात्रियों ने सोशल मीडिया पर चुनाव से बहिष्कार का दावा भी किया था। इसके बाद यात्रियों ने डॉ. संजीव बालियान से मुलाकात कर अपनी समस्या रखी थी। बालियान ने बताया कि रेलवे ने सोमवार को यह मांग स्वीकार कर ली है। उन्होंने आज एक ट्वीट कर रेलवे के आदेश को भी उसमें प्रदर्शित किया है। पहले ट्रेन का स्टॉपेज सकौती और मंसूरपुर में था। दैनिक यात्रियों को खतौली में स्टॉपेज से लाभ मिलेगा और सफर आसान हो जाएगा। दिल्ली से यह ट्रेन सुबह पौने छह बजे चलती है। ट्रेन के खतौली पहुंचने का समय करीब 7:54 बजे है, जबकि यह ट्रेन मुजफ्फरनगर सुबह 8:13 बजे पर पहुंचती है।

चुनावी सभा में आपस में ही भिड़ गये सपा-रालोद समर्थक

खतौली, 22 नवंबर (बु.)। रालोद-सपा गठबन्धन प्रत्याशी मदन भैया की सभा के दौरान पार्टी कार्यकताओं व पदाधिकारियों का आपस में तू-तू मैं-मैं व हाथापाई करते हुए अपने-अपने वर्चस्व को लेकर मचे संग्राम का सोशल मीड़िया पर वायरल हो रहा वीडियों नगर क्षेत्र में जहां चर्चा का विषय बन रहा है। वहीं नागरिक वीड़ियो पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे है। मिली जानकारी के अनुसार खतौली विधान सभा उप चुनाव को लेकर सपा-रालोद गठबन्धन प्रत्याशी मदन भैया के समर्थन में आयोजित सभा में पार्टी कार्यक्रताओं में किसी बात को लेकर कहा सुनी, तू-तू मै-मैं के साथ एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप का सिलसिला अचानक शुरू हो गया, सपा जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी, जिलाध्यक्ष श्याम लाल बच्ची सैनी, सपा विधायक चन्दन सिंह चैहान सहित अन्य पार्टी पदाधिकारियों के मौजूदगी में पार्टी नेताओं व कार्यकताओं के बीच मचे संग्राम में पार्टी नेताओं के बिना जहां धक्का मुक्की के दृश्य स्पष्ट दिखायी पड रहे है। वहीं कुछ पार्टी नेता दोनों पक्षो को शान्त करने के लिए प्रयासरत बने दिखायी दे रहे है। सपा-रालोद गठबन्धन प्रत्याशी के समर्थन में आहूत जनसभा में घन्टों मचे संग्राम को शान्त न होता देख सपा जिलाध्यक्ष सपा विधायको सभा को छोड़कर बाहर निकलने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस पूरे प्रकरण का वीड़ियों सोशल मीड़िया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसको लेकर क्षेत्र के मतदाता अपनी भिन्न-भिन्न प्रतिक्रिया कर रहे है। बताया जाता हैं कि नगर क्षेत्र के बुढ़ाना रोड़ पर एक स्थान पर देर रात्रि रालोद-सपा गठबन्धन प्रत्याशी के समर्थन में एक जनसभा आहूत हुई थी। जिसमें पार्टी कार्यकताओं में मचे संग्राम का ही वायरल वीडियो बताया जा रहा है।

छह आईएएस अफसरों के हुए तबादले

लखनऊ। शासन ने मंगलवार को चार मंडलों अलीगढ़, अयोध्या, बस्ती और मीरजापुर के कमिश्नर बदल दिए हैं। अलीगढ़ के कमिश्नर गौरव दयाल को अयोध्या का कमिश्नर बनाया गया है। अयोध्या के कमिश्नर नवदीप रिणवा को अलीगढ़ में इसी पद पर तैनाती दी गई है। विंध्याचल मंडल, मीरजापुर के कमिश्नर योगेश्वर राम मिश्र को बस्ती का कमिश्नर बनाया गया है। वहीं, उत्तर प्रदेश मेडिकल सप्लाई कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक डॉ. मुथुकुमारस्वामी बी. को विंध्याचल मंडल, मीरजापुर के प्रभारी आयुक्त (कमिश्नर) की जिम्मेदारी मिली है। उत्तर प्रदेश मेडिकल सप्लाई कॉरपोरेशन के अपर प्रबंध निदेशक जगदीश को इसी कॉरपोरेशन का प्रबंध निदेशक बनाया गया है। वहीं, विशेष सचिव कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा अखंड प्रताप सिंह को विशेष सचिव, गृह विभाग की जिम्मेदारी मिली है।

एसएसपी ने बाइक चलाकर नागरिकों को किया यातायात नियमों के प्रति जागरुक

▶ यातायात माह के अंतर्गत जागरूकता को पुलिस ने निकाली बाइक रैली

मुजफ्फरनगर, 22 नवंबर (बु.)। एसएसपी के निर्देश पर यातायात माह नवंबर 2022 के तहत पुलिस ने बाईक रैली निकालकर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। एसपी देहात अतुल श्रीवास्तव ने पुलिस कर्मियों को हरी झंडी दिखाकर बाईक रैली को रवाना किया। एसपी यातायात कुलदीप सिंह ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। यह एक सतत प्रक्रिया है, जिससे समाज के लोगों में रुल्स ऑफ दि रोड़ के प्रति जागरूकता पैदा हो। यातायात नियमों के प्रति जागरूकता एवं सुरक्षित परिवहन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 01 नवम्बर से 30 नवम्बर तक सम्पूर्ण माह को यातायात माह के रूप में मनाया जाता है। यातायात माह के अन्तर्गत जनपद पुलिस प्रत्येक दिन अलग-अलग कार्यक्रमों जैसे रिफ्लेक्टर स्टीकर लगाना, नुक्कड़ सभा का आयोजन, स्कूली छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेटों, स्काउट कैडेटों के माध्यम से यातायात जागरूकता हेतु रैली का आयोजन करना, चित्रकलानिबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन कर आमजन को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया जाता है। मंगलवार को एसएसपी विनीत जायसवाल के निर्देशन में यातायात पुलिस ने बाईक रैली निकाली। जिसे एसपी देहात अतुल कुमार श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बाईक रैली एसएसपी कार्यालय से रवाना होकर प्रकाश चैक से महावीर चौक से मीनाक्षी चौक, शिव चौक से नावल्टी चौक, अंसारी रोड होते हुए मदन स्वीट्स से रेलवे रोड, रोड़वेज बस अड्ड़े से वापस एसएसपी कार्यालय आकर समाप्त हुई। एसएसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि बाईक रैली का उद्देश्य सड़क पर सुरक्षित सफर तय करने के उद्देश्य से लोगों में जागरूकता फैलाना है। वर्तमान में यातायात नियमों की अनदेखी के कारण सड़कों पर प्रतिदिन होने वाले हादसों में जनहानि हो रही है, जिसमें इन हादसों से हम अपना बचाव कर सकते हैं, यदि हम यातायात नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित सफर के लिए जागरूक बनें। यातायात पुलिस की ओर से यातायात माह में प्रतिदिन यातायात नियमों के प्रति व्यापक जागरूकता अभियान चलाने के साथ-साथ सघन चैकिंग अभियान चलाकर काली फिल्म, बिना सीट बेल्ट, तीन सवारी मोटरसाइकिल, बिना हेलमेट तथा नो इंट्री का पालन न करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध एमवी एक्ट के तहत कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। इस दौरान एसएसपी ने सभी से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि दुपहिया वाहन चलाते समय 03 सवारी ना बैठाएं एवं हेलमेट अवश्य पहनें। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बैल्ट अवश्य पहनें। बिना नम्बर प्लेट लगे वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें, निर्धारित गति से अधिक गति पर वाहन न चलायें, शराब पीकर वाहन कभी न चलाएं। मालवाहक वाहन जैसे ट्रैक्टर-ट्रॉली, डम्पर, डाला आदि को सवारी हेतु इस्तेमाल न करें। यातायात नियमों के उल्लंघन पर भारी जुमार्ने का प्रावधान है, अपने आप को एवं दूसरों को सुरक्षित रखें, आपकी जरा सी लापरवाही आपके लिए जानलेवा साबित हो सकती है।

संक्षिप्त खबरें...

आफताब ने नहीं स्वीकारा कि उसने श्रद्धा का कत्ल किया

नई दिल्ली । श्रद्धा हत्याकांड के आरोपी आफताब अमीन पूनावाला के वकील ने मंगलवार को कहा कि आरोपी ने कोर्ट में कभी नहीं स्वीकार किया कि उसने अपनी लिव-इन पार्टनर की हत्या की है। पूनावाला के वकील अबिनाश कुमार ने कहा, "मैंने आज पूनावाला से पांच-सात मिनट बात की। मैंने जब उससे सुबह बात की तो वह शांत और विश्वास से भरा लगा। उसने कोई आक्रामकता नहीं दिखाई।" वकील ने कहा कि उन्होंने आफताब से जब पूछा कि क्या वह इस मामले में कोर्ट की कानूनी प्रक्रियाओं का पालन कर सकेगा और क्या वह बचाव पक्ष के वकील से संतुष्ट है तो उसने सकारात्मक जवाब दिया। आफताब के वकील के इस बयान और पुलिस के उन दावों में विरोधाभास दिख रहा है कि आफताब ने श्रद्धा की हत्या करने और उसके शव के टुकड़ों को दिल्ली में विभिन्न स्थानों पर फेंकने का जुर्म कबूल कर लिया है।

आजम खां की स्थायी जमानत अर्जी मंजूर

रामपुर। सपा के वरिष्ठ नेता मोहम्मद आजम खां को मंगलवार को अदालत से राहत मिली है। भड़काऊ भाषण मामले में अदालत आजम खां को तीन साल कैद की सजा सुना चुकी है। सजा के खिलाफ अपील पर सुनवाई के लिए अदालत ने आजम की स्थायी जमानत अर्जी मंजूर कर ली है। कोर्ट की कार्यवाही के दौरान मंगलवार को जमानत अर्जी पर फैसला आने तक आजम खां को कोर्ट की कस्टडी में साढ़े तीन घंटे तक रहना पड़ा। आजम खां को रामपुर की एमएलए स्पेशल कोर्ट (मजिस्ट्रेट ट्रायल) से 27 अक्टूबर को तीन साल कैद की सजा हुई थी। आजम खां ने एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट (सेशन ट्रायल) में सजा के खिलाफ अपील दायर की थी। साथ ही अंतरिम जमानत के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। अदालत ने 22 नवंबर तक उन्हें अंतरिम जमानत दे दी थी। अब सजा के खिलाफ अपील पर सुनवाई होगी। इसके लिए अदालत ने दो दिसंबर नियत की है।

यूपी में पीएम आवास के लिए 10 हजार करोड़ स्वीकृत किए

लखनऊ। केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में यूपी को आठ लाख आवास निर्माण के लिए दस हजार करोड़ रुपये की मंजूर किए हैं। पीएम आवास योजना के तहत अब तक यूपी को 26 लाख आवास स्वीकृत हुए हैं। गौरतलब है कि आवास प्लस योजना के तहत पंजीकृत परिवारों को आवास उपलब्ध कराने के लिए यूपी को करीब 13 लाख आवास की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीएम नरेंद्र मोदी व केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह को पत्र लिखकर 13 लाख आवास स्वीकृत करने का आग्रह किया था। इसके बाद चालू वित्तीय वर्ष में पहली बार यूपी को 8,62,767 आवास स्वीकृत किए गए हैं। इसके बावजूद आवास प्लस में पंजीकृत सभी परिवारों को आवास उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश को करीब सवा चार लाख और आवास की आवश्यकता है। ग्राम्य विकास आयुक्त जीएस प्रियदर्शी ने बताया कि अभी तक योजना में 25 लाख 87 हजार ग्रामीण परिवारों को आवास उपलब्ध कराए हैं।

'सरकार आदेश दे, हम पीओके वापस लेने को तैयार'

जम्मू, 22 नवंबर (वार्ता)। भारतीय सेना पाक के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर को वापस लेने के लिए तैयार है। वह भारत सरकार के आदेश का इंतजार कर रही है। भारतीय सेना की उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को यह बयान दिया। वे इस संबंध में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा हाल ही में दिए गए एक बयान के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि जहां तक भारतीय सेना का संबंध है, वह भारत सरकार द्वारा दिए गए किसी भी आदेश को पूरा करेगी। जब भी इस तरह के आदेश दिए जाएंगे, हम हमेशा इसके लिए तैयार रहेंगे।

जकार्ता में आए भूकंप में अब तक 268 लोगों की मौत

जकार्ता, 22 नवंबर (वार्ता)। सोमवार को इंडोनेशिया के जावा के मुख्य द्वीप में आए शक्तिशाली भूकंप में मरने वालों का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। इस हादसे में अब तक 268 लोगों की मौत हो गई और करीब 1000 लोग घायल हुए हैं। बचाव दल भूकंप के झटकों की श्रृंखला के बीच मलबे के नीचे फंसे बचे लोगों की तलाश कर रहे हैं। 5.6 तीव्रता के भूकंप का केंद्र राजधानी जकार्ता से लगभग 75 किमी (45 मील) दक्षिण-पूर्व में पहाड़ी पश्चिम जावा में सियांजुर शहर के पास था। इस क्षेत्र में 25 लाख से अधिक लोग रहते हैं। सियांजुर के प्रशासन के प्रमुख हरमन सुहरमन ने बताया था कि कम से कम 700 लोगों का इलाज चल रहा है।

युवक पर जानलेवा हमला

मुजफ्फरनगर, 22 नवम्बर (बु.)। भाई भतीजों ने एक व्यक्ति को मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर एनसीआर को एफआईआर में तरमीम किया है। नई मंडी थाने पर दर्ज हुई रिपोर्ट में मौहल्ला आदर्श कॉलोनी निवासी सुनीता पत्नी अशोक ने बताया कि उसके पति का अपने भाई नानू निवासी बच्चन सिंह कॉलोनी से विवाद हो गया था। वह अपने भाई के घर उसे समझाने के लिए गया था। जहां नानू ने अपने पुत्र आकाश व सूरज के साथ मिलकर उसके पति अशोक पर हमला कर दिया और उसे मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। घायल को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में ले जाया गया। पुलिस ने इस मामले में एनसीआर दर्ज की थी, जिसे मैडिकल रिपोर्ट के आधार पर एफआईआर में तरमीम किया गया है। छत फाड़कर फैक्ट्री से कीमती सामान चोरी

असम-मेघालय बॉर्डर पर हिंसा में 6 की मौत

गुवाहाटी, 22 नवंबर (वार्ता)। असम-मेघालय सीमा पर लकड़ी की तस्करी को रोके जाने के दौरान मंगलवार तड़के हिंसा भड़क गई। हिंसा में वन रक्षक समेत 6 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि असम-मेघालय सीमा पर पुलिस ने अवैध लकड़ी के ट्रक को रोका था, जिसके बाद हिंसा भड़क गई। एहतियात के तौर पर 7 जिलों में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है। मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड सांग ने मंगलवार को ऐलान किया है कि इस हिंसा में मारे गए प्रत्येक व्यक्तियों के आश्रितों को 5 लाख रुपये, एक अनुग्रह राशि (मुआवजे) के तौर पर दी जाएगी। पश्चिम कार्बी आंगलोंग के पुलिस अधीक्षक इमदाद अली ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि असम वन विभाग ने मेघालय सीमा पर ट्रक को रोका था। ट्रक चालक ने भागने की कोशिश की। उसे रोकने के लिए वन रक्षकों ने फायरिंग कर दी। अधिकारी ने आगे बताया कि फायरिंग में ट्रक का टायर पंक्चर हो गया। वन रक्षकों ने ट्रक चालक समेत तीन लोगों को पकड़ लिया। हालांकि, अन्य भागने में कामयाब रहे। अधिकारी ने बताया कि घटना के बारे में नजदीकी पुलिस थाना में जानकारी दी गई और अतिरिक्त पुलिस बल की मांग की। सुबह पांच बजे पुलिस के पहुंचते ही कुछ स्थानीय लोग हाथों में हथियार लिए वहां पहुंच गए। भीड़ ने तस्करों को छोड़े जाने की मांग को लेकर वन रक्षकों और पुलिस को घेर लिया। बचाव में भीड़ पर गोली चलानी पड़ी। गोलीबारी में वन रक्षक की मौत हो गई। उसके अलावा मेघालय के पांच लोगों की भी मौत हुई है। हिंसा में घायल हुए लोगों को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। वन रक्षक की मौत की वजह का पता नहीं चल सका है। इस घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

डेरा प्रमुख गुरमीत कर सकता है करीबी के नाम वसीयत

बागपत। डेरा प्रमुख गुरमीत राम रहीम अपने किसी करीबी के नाम वसीयत कर सकता है। वसीयत करने को लेकर पूरी प्रक्रिया की प्रशासनिक अधिकारियों से जानकारी मांगी गई है। हालांकि अधिकारियों को भी यह नहीं बताया गया है कि वसीयत किसके नाम करनी है। वहीं यह मामला उजागर होने पर डेरा की तरफ से वसीयत की किसी भी तरह की बात से इंकार किया गया है। डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम को दुष्कर्म के मामले में वर्ष 2017 में सजा सुनाई गई थी तो वर्ष 2021 में उसे हत्या के एक मामले में उम्रकैद हुई थी। इसके बाद से वह रोहतक की सुनारिया जेल में बंद है। वह 15 अक्तूबर को जेल से पैरोल पर आया था और बरनावा आश्रम में रह रहा है। इस बीच ही चचाएं चलीं कि उसने हनीप्रीत को अपना उत्तराधिकारी बना दिया है। जिसके बाद गुरमीत सिंह ने ऑनलाइन सत्संग में कहा कि डेरा प्रमुख वह खुद ही रहेंगे और हनीप्रीत को नया पद रूहानी दीदी बनाकर दिया गया है।

मुलायम सिंह यादव की जगह लालू प्रसाद को बता दिया स्वर्गीय, पोस्ट वायरल

प्रयागराज। सपा प्रमुख मुलायम सिंह यादव के जन्मदिन के मौके पर प्रयागराज की सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने अपने फेसबुक पोस्ट में मुलायम सिंह के स्थान पर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को स्वर्गीय बताते हुए उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दे दी। थोड़ी देर में उनका यह पोस्ट सोशल मीडिया में वायरल हो गया। फेसबुक पोस्ट में तस्वीर मुलायम की थी और नाम लालू प्रसाद यादव का लिखा था। जब यह जानकारी रीता जोशी को हुई तो उन्होंने तत्काल वह पोस्ट अपने फेसबुक से हटवा दी। रीता जोशी के प्रतिनिधि एवं पूर्व पार्षद विजय पुरस्वानी ने बताया कि सांसद के स्टाफ से यह चूक सुबह हुई। जैसे ही है जानकारी हुई तत्काल यह पोस्ट हटा दी गई।

छात्रा का अपहरण कर शव फेंका

बुलंदशहर, 22 नवंबर (वार्ता)। 20 नवंबर को गाजियाबाद के नंदग्राम से अपहृत किशोरी की अपहरणकताओं ने चलती कार में गला दबाकर हत्या कर दी और शव कोतवाली देहात के जंगल में छिपा दिया। गाजियाबाद की विजयनगर थाना पुलिस की टीम तीन आरोपितों को लेकर जंगल में गन्ने के खेत में पहुंची और बंद बोरी में किशोरी का शव बरामद किया है। कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव सराय छबीला के जंगल में पहुंची गाजियाबाद पुलिस की टीम ने गन्ने के खेत में शव की खोजबीन शुरू की। गन्ने के खेत में प्लास्टिक के बोरे में अपहृत खुशी का शव बरामद किया गया। एएसपी अनुकृति शर्मा ने बताया कि गाजियाबाद के नंदग्राम क्षेत्र की नई बस्ती निवासी कक्षा सात की छात्रा खुशी का 20 नवंबर को कार सवारों ने अपहरण कर लिया था। खुशी अपने मामा सुनील के घर पर बचपन से रहती थी। जबकि खुशी के पिता सोनू मूल रूप से गांव टोकी मनोली में स्वजन सहित रहते हैं। उन्होंने बताया कि अपहृत खुशी से आरोपितों ने पिता सोनू का नंबर लिया और तीन दिन में 30 लाख रुपये की फिरौती मांगी थी। गाजियाबाद पुलिस द्वारा पकड़े गए तीन बदमाशों ने बताया कि अपहरण के बाद वह कार से बुलंदशहर-अलीगढ हाइवे की ओर निकले और शोर शराबा करने पर खुशी की दादरी में ही चलती कार में गला दबाकर हत्या कर दी थी। प्लास्टिक के बोरे में शव रखकर सराय छबीला गांव के जंगल में स्थित गन्ने के खेत में फेंक दिया था।

फिर बाइस दिनों तक गूंजेंगी शहनाईयां

▶ शुक्र उदय होने के साथ 24 नवंबर से शुरू होगा शादियों का सीजन
▶ बैंकट हॉल्स के सिर पर लटकी एमडीए की तलवार से भी राहत

मुजफ्फरनगर, 22 नवंबर (बु.)। थोड़े समय के ब्रेक के बाद फिर से शुक्र के उदय होने के साथ 24 नंवबर से बैंड बाजा बारात का सीजन शुरू हो जाएगा। इस दौरान ताबड़तोड़ शादियों के साथ हर ओर शहनाइयों की गूंज सुनाई देने लगेगी और कई जोड़े दांपत्य जीवन में बंध जाएंगे। विवाह को लेकर परिजनों व व्यापारियों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस बीच पिछले दिनों एमडीए के जबड़े में फंस कर तड़प रहे बैंकट हॉल स्वामियों ने भी राहत की सांस ली है। पिछले कुछ दिनों से शुक्र के अस्त होने के कारण विवाह समारोह बंद थे। अब 24 नवंबर से शुक्र के उदय होते ही सहालग शुरू हो जाएंगे। शादी विवाह को यह सीजन यह 14 दिसंबर तक चलेगा। सहालगों को लेकर बाजारों में रौनक देखने को मिल रही है। साड़ियों की दुकानों पर काफी महिलाओं की भीड़ रही। सर्राफा की दुकानों पर भी भीड़ देखने को मिली। सर्राफा व्यापारियों ने बताया कि कई ग्राहकों ने पहले से ही आभूषण बनाने के लिए आर्डर बुक करा दिए थे। इसके साथ ही कुछ लोग अभी भी खरीदारी कर रहे हैं। सर्राफा कारोबारियों का कहना है कि अपने मन मुताबिक डिजाइनों को पसंद करने के बाद ग्राहकों ने एडवांस में ही आर्डर दिए हैं। इसके साथ ही अब वह लोग भी खरीदारी करने के लिए आ रहे हैं, जिन्हें उपहार में अंगूठी या चेन देनी है। ज्योतिषज्ञों का कहना है कि शुक्र उदय होते ही वैवाहिक कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे। यह 14 दिसंबर तक चलेंगे। इसके बाद खरमास होने के कारण एक माह तक कोई भी कार्यक्रम नहीं होगा। मकर संक्रांति होते से फिर से मांगलिक कार्यक्रम शुरू होंगे, जो नौ मार्च तक चलेंगे। उसके बाद फिर एक माह का खरमास होने के कारण कोई वैवाहिक कार्यक्रम नहीं होंगे। पिछले दिनों एमडीए द्वारा शहर के बैंकट हॉलों पर शिकंजा कसे जाने के बाद उनकी चिंता बढ़ गई थी। एमडीए ने तमाम बैंकट हॉल्स को नोटिस दिए थे। इसके चलते कई बैंकट हाल सील भी किए गए थे। बताया जाता है कि अब मामले का समाधान हो गया है और बैंकट हालों के सिर पर लटक रही तलवार हट गई है। एक बैंड मालिक ने बताया कि आने वाले 22 दिनों की सहालग में उनके पास अच्छी खासी बुकिंग हुई है। खरमास खत्म होने के बाद फरवरी और मार्च माह की बुकिंग भी उनके पास आ चुकी हैं। इसके लिए उन्होंने अपने गायक कलाकारों को पहले से ही अवगत करा दिया है। किसी प्रकार की कोई समस्या न हो।

गैर हाजिर 40 मतदान कार्मिकों पर होगी एफआईआर

उपचुनाव... एसडी पब्लिक स्कूल में कार्मिकों को दिया प्रशिक्षण, सीडीओ के निरीक्षण में नदारद मिले कर्मचारी

मुजफ्फरनगर, 22 नवम्बर (बु.)। खतौली उपचुनाव को निर्विघ्न शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष संपन्न कराने को अधिकारियों ने अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप खतौली विधानसभा में पांच दिसंबर को होने जा रहे उपनिर्वाचन 2022 के मतदान को जनपद में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न कराने के लिए पीठासीन अधिकारी एवं प्रथम मतदान अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

नगर के भोपा रोड स्थित एसडी पब्लिक स्कूल में संपन्न हुए प्रशिक्षण शिविर में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के संबंध में उपचुनाव प्रक्रिया के संबंधी सभी पीठासीन अधिकारी एवं प्रथम मतदान अधिकारियों को मास्टर ट्रेनर द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई गई। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में तमाम सख्ती के बावजूद 40 कार्मिक अनुपस्थित रहे। ऐसे हालातों में अनुपस्थित रहे कर्मचारियों के विरुद्ध जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अनुपस्थित पीठासीन अधिकारी एवं प्रथम मतदान अधिकारियों के विरूद्ध जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की सुसंगत धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने का निर्देश दिए हैं, जिसे लेकर कर्मचारियों में हड़कंप मचा है।

प्रशिक्षण शिविर में मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक संदीप भागिया द्वारा निरीक्षण किया गया। कार्मिकों को कहा कि उप निर्वाचन का कार्य पूर्ण निष्ठा एवं लग्न से सम्पन्न करायें। उन्होंने निरीक्षण करते हुए सभी मतदान कार्मिकों को स्पष्ट करते हुए कहा कि मतदान को आयोग की मंशा के अनुरूप संपन्न कराने में सभी पीठासीन अधिकारी और प्रथम मतदान अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के

उपचुनाव में लगे मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण कार्य का निरीक्षण करते सीडीओ तथा उपस्थित मतदान कर्मचारी। फोटो बुलेटिन

निर्देशों के संबंध में गहन अध्ययन कर लें और मतदान के दौरान समस्त प्रक्रिया आयोग की मंशा के अनुरूप संपन्न कराने की कार्रवाई सुनिश्चित करें ताकि जनपद में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक मतदान संपन्न हो सके। उन्होंने स्पष्ट किया की उपचुनाव में ड्यूटी के दौरान लापरवाही किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि आज यहां पर अनुपस्थित पाये गये मतदान कार्मिकों के खिलाफ एफआईआर कराई जयेगी। जिला विद्यालय निरीक्षक गजेन्द्र कुमार, जिला पंचायतराज अधिकारी अनिल कुमार सिंह, जिला अर्थ संख्या अधिकारी अशोक कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ला समेत अन्य मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहे।

मोरना ककरौली में जल रही पॉलीथीन, घुल रहा हवा में जहर

▶ घनी आबादी के बीच जहरीला धुआं उगल रही कोल्हू की चिमनियाँ

भोपा, 22 नवम्बर (बु.)। प्रदूषण के लिये बदनाम हो रहे जनपद की हवा में जहर घोलने का काम लगातार जारी है। गुड़ कोल्हुओं में जलाई जा रही पॉलिथीन के कारण वातावरण को दूषित किया जा रहा है। बिना मानकों के चल रहे गुड़ कोल्हू प्रदूषण रोकने के प्रयासों को धता बता रहे हैं। वायु में बढ़ते प्रदूषण को कम करने के प्रशासन कितने भी दावे क्यूँ न करे किन्तु सारे दावे बेअसर साबित हो रहे हैं। मोरना व ककरौली क्षेत्र में बड़े पैमाने पर पॉलीथीन को गुड़ कोल्हुओं में जलाया जा रहा है। मोरना क्षेत्र के गाँव ककराला, ककरौली क्षेत्र के गाँव खेड़ी फिरोजाबाद व जौली-बेहड़ा सादात मार्ग पर स्थित गुड़ कोल्हुओं में धड़ल्ले से पॉलिथीन को जलाया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार शाम ढलते ही पॉलिथीन को गन्ने की पत्तियों में मिलाकर ईंधन के रूप में जलाया जा रहा है। गाँव खेड़ी फिरोजाबाद में नाईपुरा मार्ग पर स्थित गुड़ कोल्हुओं पर दिन में पॉलिथीन को सुखाया

जाता है और शाम ढलते ही उसे कोल्हू की भट्टियों में झोंका जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि रात्रि में पॉलिथीन की दुर्गन्ध चारों ओर फैल जाती है। श्वांस के मरीज खांसने लगते हैं। बार-बार शिकायत के बावजूद प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। मोरना के गाँव ककराला में भी यही स्थिति बनी हुई है। पॉलिथीन से भरे ट्रक द्वारा गुड़ कोल्हुओं में पॉलिथीन की आपूर्ति की जाती है, जिसे रात भर धड़ल्ले से जलाया जाता है।

डॉक्टर कहते हैं ...

प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अर्जुन सिंह ने बताया कि पॉलीथीन, डीजल के वाहनों से निकलने वाला व तारकोल का धुआं स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है। जो कई प्रकार की घातक बीमारियां पैदा करता है। पॉलीथीन के धुएं से त्वचीय रोग सहित श्वांस रोग व अन्य घातक बीमारियों के फैलने की आशंका बनी रहती है।

कार्रवाई से दूर गुड़ कोल्हू

भोपा। जहां प्रशासन प्रदूषण के लिए औद्योगिक इकाईयों, वाहनों पर कार्रवाई करता है। वहीं गुड़ कोल्हू कार्रवाई से दूर हैं। मानक के बिना गुड़ कोल्हू में बनाई गई चिमनियां दिन रात काला धुआं उगलती रहती हैं। घनी आबादी के बीच दिन रात बड़े पैमाने पर वायु प्रदूषण फैला रहे गुड़ कोल्हूओं के लिए मजबूत तकनीक की आवश्यकता है। प्रशासन गुड़ कोल्हूओं को आधुनिक तकनीक प्रदान कर उन्हें प्रदूषणमुक्त करे, जिससे गुड़ के कारोबार को एक आदर्श व्यवसाय के रूप में जाना जाए। अन्यथा गुड़ कोल्हूओं की दिन प्रतिदिन बढ़ती संख्या तथा उनकी चिमनियों से निकलता जहरीला धुआं नागरिकों के लिए बेहद खतरनाक साबित होगा।

खतरों से खेल रहे ईंधन झोंकने वाले

भोपा। पॉलिथीन के ईंधन को भट्टी में झोंकने वाले मजदूर अक्सर नाबालिग या कम उम्र के हैं अथवा महिलाओं से यह कार्य कराया जाता है। रोजगार के लिये स्वास्थ्य की चिंता किये बगैर गरीब परिवार जान जोखिम में डाले हुए हैं। पॉलीथीन के धुएं से होने वाले नुकसान से बेपरवाह बच्चे व महिलाएं चंद पैसों के लिए अपने स्वास्थ्य को दांव पर लगा रहे हैं।

छत फाड़कर फैक्ट्री से कीमती सामान चोरी अदालत के आदेश पर दर्ज हुआ चोरी का मुकदमा

मुजफ्फरनगर, 22 नवम्बर (बु.)। भोपा रोड स्थित एक फैक्ट्री से अज्ञात बदमाश विद्युत मोटर सहित कीमती सामान चोरी कर ले गये। मामले की शिकायत पुलिस से की गयी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। तब न्यायालय से कार्यवाही की गुहार लगाई। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। अदालत के आदेश पर नई मंडी थाने पर दर्ज हुई रिपोर्ट में शिवनगर निवासी रोहिनी त्यागी पत्नी विदित त्यागी ने बताया कि भोपा रोड पर टीएस मान मार्किट मे उनकी फैक्ट्री है। 15 मार्च 2022 को रात्रि के समय छत फाड़कर फैक्ट्री में घुसे बदमाश विद्युत मोटर व अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गये थे। पीड़िता का कहना है कि इस संबंध में पुलिस में शिकायत की गयी थी, लेकिन पुलिस ने उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पीड़िता के प्रार्थना पत्र पर अदालत ने पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये, जिस पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

स